संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

"जिस दिन आप अपनी सोच पर जीत हासिल कर लेते हैं, उसी दिन आपकी जिंदगी बदल जाती है।"



1954 – भारत और चीन के बीच पंचशील सिद्धांतों पर आधारित शांति और मैत्री समझौते को बल मिला।

पूर्णिया शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 213

# 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को बंदरगाह तक सीमित रखने में नौसेना की भूमिका को रक्षा मंत्री ने सराहा

## दुनिया ने इस ऑपरेशन के दौरान नौसेना की परिचालन तत्परता, पेशेवर क्षमता और ताकत देखी

**नई दिल्ली** (हि.स.) –

» **नौसेना अब तकनीक-संचालित, नेटवर्क-केंद्रित युद्ध के लिए तैयार।**

» **आत्मनिर्भर भारत अभियान में नौसेना अग्रणी भूमिका निभा रही है।**



भारतीय नौसेना की द्विवार्षिक कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए भारत ने संदेश दिया कि हम हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने इसे भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और क्षमता का प्रतीक बताया और पाकिस्तान को सीमित रखने में नौसेना की भूमिका की सराहना की। मंत्री ने बताया कि आधुनिक युद्ध अब केवल जहाजों या पनडुब्बियों तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीक-संचालित, नेटवर्क-केंद्रित और स्वायत्त प्रणालियों पर आधारित है।

**ऑपरेशन सिंदूर और नौसेना की ताकत** : ऑपरेशन के दौरान नौसेना की पेशेवर क्षमता और परिचालन तत्परता ने दुनिया को प्रभावित किया।

**क्षेत्रीय सुरक्षा और संयुक्त संचालन** : हिंद महासागर में नौसेना की भूमिका, आईओएस सागर और एआईकेवाईएमई अभियानों का उल्लेख किया गया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने संयुक्त संचालन और तालमेल पर जोर दिया। सम्मेलन ने नौसेना की आधुनिक क्षमताओं और राष्ट्रीय सुरक्षा में उसकी भूमिका को प्रमुख रूप से उजागर किया।

**तकनीक और आत्मनिर्भरता**
रक्षा मंत्री ने बताया कि नौसेना अपने उपकरण भारत में निर्मित कर रही है। आत्मनिर्भर भारत के तहत नौसेना नवाचार, औद्योगिक विकास और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**नौसेना प्रमुख का दृष्टिकोण**
नौसेना प्रमुख ने टीम नौसेना की प्रतिबद्धता की सराहना की और जेम हैंडबुक का तीसरा संस्करण जारी किया, जो सार्वजनिक खरीद और पोर्टल की क्षमता में सुधार का प्रतीक है।

### बलूच सुरक्षा बलों ने पाकिस्तानी सेना की राशन सप्लाई कारवां पर की छापेमारी

**बलूचिस्तान**, (हि.स.)। बलूच सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की सेना की सप्लाई व्यवस्था पर बड़ा प्रहार किया है। मंगलवार को मस्तुंग जिले के स्पिलांजी और मारुव क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना के राशन और आपूर्ति सामग्री ले जा रहे कारवां पर छापा मारकर भारी मात्रा में हशीश और हेरोइन बरामद की गई। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी सैनिक बलूच प्रतिरोध के लगातार बढ़ते दबाव में मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो रहे हैं तथा कई सैनिक नशे की लत के शिकार हैं। बलूच सुरक्षा बल न केवल पाकिस्तानी सेना से मोर्चा ले रहे हैं, बल्कि उसकी अवैध नशा तस्करी गतिविधियों को रोकने के लिए भी सक्रिय हैं। हाल ही में कलात के मांगुचर इलाके में हुई झड़प में पाकिस्तानी सेना को नुकसान हुआ, जबकि कची जिले के धादर हाजी क्षेत्र में बलूच बलों ने एक लेवीज पुलिस स्टेशन पर कब्जा कर उसे जला दिया। बलूच बलों की ये कार्रवाइयां पाकिस्तान की नशा तस्करी और अवैध सैन्य गतिविधियों पर करारा प्रहार मानी जा रही हैं।

## भारत और जर्मनी ने व्यापार व निवेश में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की

**नई दिल्ली/बर्लिन,** (हि.स.)। भारत और जर्मनी ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और जर्मनी की संघीय अर्थव्यवस्था एवं ऊर्जा मंत्री कैथरीना रीच के बीच बर्लिन में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाई देने पर चर्चा की।

**जी-7 और जी-20 सहयोग पर हुई सकारात्मक बातचीत** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी के जी-7 एवं जी-20 शेरपा और आर्थिक-नीति सलाहकार डॉ. लेविन होले से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में वैश्विक आर्थिक नीति, हरित संक्रमण, और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। गोयल ने कहा कि दोनों पक्ष साझा समृद्धि और स्थायी आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पर नई दिशा** : भारत और जर्मनी की रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने पर यह दौरा विशेष महत्व रखता है। पीयूष गोयल की यह यात्रा द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते को गति देने की दिशा में भी अहम कदम साबित होगी।



**व्यापार और निवेश संबंधों पर विशेष चर्चा** : वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, बैठक में निवेश को प्रोत्साहन देने, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सतत विकास आधारित व्यापारिक मॉडल को अपनाने पर जोर दिया गया। दोनों देशों ने औद्योगिक नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में एक-दूसरे के अनुभवों को साझा करने का निर्णय लिया।

## तीनों सेनाओं के लिए 79 हजार करोड़ से खरीदे जाएंगे हथियार, केंद्र की मंजूरी

**नई दिल्ली** (हि.स.) –

**01: भारतीय सेना के लिए नाग मिसाइल Mk-2, ग्राउंड-बेस्ड मोबाइल ईएलआईएनटी सिस्टम और HMV खरीदने को AON मिली।**

**02 : नौसेना के लिए LPD, 30 मिमी नेवल गन, एडवांस्ड लाइट-वेट टॉरपीडो और स्मार्ट 76 मिमी गोला-बारूद को मंजूरी दी गई।**




केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं के लिए हथियार और गोला-बारूद खरीदने हेतु 79 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने भारतीय सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम मार्क-2, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ईएलआईएनटी सिस्टम (जीबीएमईएस) और हाई मोबिलिटी व्हीकल्स (एचएमवी) की खरीद को स्वीकृति दी। नाग मिसाइल दुश्मन के लड़ाकू वाहनों और बंकरों को नष्ट करेगी, जबकि जीबीएमईएस 24 घंटे इलेक्ट्रॉनिक खुफिया जानकारी देगा। एचएमवी से रसद सहायता बेहतर होगी।

**नौसेना की उन्नत परियोजनाएँ** : भारतीय नौसेना के लिए एलपीडी, 30 मिमी नेवल सरफेस गन, एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो और 76 मिमी सुपर रैपिड गन माउंट खरीदे जाएंगे।

**वायु सेना की आधुनिक प्रणाली** : वायु सेना के लिए लंबी दूरी तक लक्ष्य साधने वाली विनाश प्रणाली की स्वीकृति दी गई, जिससे परिचालन क्षमता में सुधार होगा।

## चुनाव आयोग का निर्देश- सीईओ एआईआर तैयारियों को दें अंतिम रूप, चुनावी राज्यों पर विशेष जोर




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मतदाता सूची अपडेट करने की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की तैयारियों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) का दो दिवसीय सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के अंतिम चरण की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। चुनाव आयोग ने सीईओ को मतदाताओं को पिछले एसआईआर के रिकॉर्ड से जोड़ने और सभी तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

**प्रश्नोत्तर और अनुवर्ती कदम** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी उपस्थित रहे। सम्मेलन में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतियों के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के प्रश्नों का समाधान किया गया। यह सम्मेलन 10 सितंबर के एसआईआर तैयारी सम्मेलन का अनुवर्ती था, जिसमें सभी राज्यों ने अंतिम एसआईआर के अनुसार मतदाता आंकड़े और अर्हता तिथि प्रस्तुत की।

**राज्यों के साथ संवाद और प्रगति मूल्यांकन :** सम्मेलन इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में आयोजित किया गया। इसमें असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे प्रमुख चुनावी राज्यों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से व्यक्तिगत बातचीत की गई। आयोग ने पहले जारी निर्देशों पर हुई प्रगति का मूल्यांकन भी किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे वनडे में भारत को दो विकेट से हराया, श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त

**एडिलेड,** (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजी की दम पर भारत को गुरुवार को दूसरे वनडे मैच में दो विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।



मैट शॉर्ट ने अपने बिग बैश के घरेलू मैदान पर शानदार बल्लेबाजी करते हुए 74 रनों की पारी खेली, जबकि कूपर कॉनॉली (61 नाबाद) ने अपने वनडे करियर का पहला अर्धशतक जमाया और टीम को जीत तक पहुंचाया। मिचेल ओवेन ने भी 36 रन की तेजतर्रार पारी खेलकर लक्ष्य को आसान बनाया।

इससे पहले भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 73 और श्रेयस अय्यर ने 61 रनों की अहम पारियां खेलीं। हालांकि ज़ेवियर बार्टलेट (3/39) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए एक ही ओवर में दो विकेट झटके, जिनमें विराट कोहली का शून्य पर आउट होना शामिल था। इसके बाद एडम जैम्पा (4/60) ने भारतीय मिडिल ऑर्डर को झकझोर दिया। हरषित राणा और अर्शदीप सिंह की साझेदारी ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को भी बीच में मुश्किलें आईं। 27 ओवर में 132 पर चार विकेट गिरने के बाद भारत ने मुकाबले को रोमांचक बना दिया था, लेकिन शॉर्ट, कॉनॉली और ओवेन ने संयम से बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत तक पहुंचा दिया, हालांकि अंत में कुछ विकेट तेजी से गिरे।


श्रृंखला का तीसरा और अंतिम वनडे मुकाबला शनिवार को सिडनी में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेली जाएगी।

### त्योहारों पर भीड़ नियंत्रण के लिए 76 रेलवे स्टेशनों पर बनेंगे होल्डिंग एरिया : रेल मंत्री

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दिवाली और छठ पूजा के अवसर पर रेलवे के माध्यम से लाखों यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए भारतीय रेलवे ने भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष कदम उठाए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर 24 घंटे निगरानी वाले एआई-प्रबंधित कंट्रोल रूम और होल्डिंग एरिया की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि अब 76 से अधिक स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे और 100 से ज्यादा स्टेशनों पर टिकट काउंटर बढ़ाए गए हैं। सुरक्षा सुधार हेतु हजारों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, प्लेटफार्मों की सफाई के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, और प्रमुख स्टेशनों पर छोटे नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। रेलवे ने पिछली बार 7 स्टेशनों पर रुकने वाली बिहार जाने वाली ट्रेनों को 28 स्टेशनों तक बढ़ा दिया है, जिससे भीड़ कम हुई। इस त्योहारी सीजन में अब तक 1 करोड़ से अधिक यात्री सुरक्षित घर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा स्पेशल ट्रेनों की संख्या 13 हजार पार कर गई है।

### चीन-अमेरिका के बीच 'टैरिफ वार' सामाप्त करने को मलेशिया में वार्ता 24 अक्टूबर से

**कुआलालंपुर,** (हि.स.)। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव को कम करने के प्रयासों के तहत मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में शुक्रवार से चार दिवसीय उच्च स्तरीय द्विपक्षीय व्यापार वार्ता होगी। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, उप-प्रधानमंत्री ही लिफेंग के नेतृत्व में चीनी प्रतिनिधिमंडल 24 से 27 अक्टूबर तक अमेरिकी अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा करेगा। यह वार्ता ऐसे समय हो रही है जब इस साल की शुरुआत में हुआ व्यापार समझौता विफल हो गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 100 प्रतिशत तक टैरिफ की धमकी दी है।



वार्ता का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच जारी 'व्यापार युद्ध' को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर रहा है। मलेशिया तटस्थ मंच होने के कारण इसका आयोजन कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और चीन की 'डबल सर्कुलेशन' रणनीति के बीच संतुलन बनाने में अहम है। अमेरिकी पक्ष की ओर से अभी तक आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**व्यापार युद्ध को शांतिपूर्ण समाधान की कोशिश**

**अमेरिका-चीन नीतियों में संतुलन का महत्व**

### अमृतसर में सीमा पार से तस्करी करने वाले मॉड्यूल का पर्दाफाश, 5 किलो हेरोइन सहित ड्रग सरगना काबू

**अमृतसर,** (हि.स.) – अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने 5.025 किलो हेरोइन के साथ एक प्रमुख ड्रग तस्कर राजपाल सिंह (25) को गिरफ्तार कर सीमा पार नशा तस्करी का पर्दाफाश किया। यह कार्रवाई पाकिस्तानी हैंडलर के नेटवर्क और ड्रोन के माध्यम से भेजी गई खेपों को डेरा बाबा नानक सेक्टर में प्राप्त करने के मामले में हुई।

**पृष्ठभूमि और गिरफ्तारी**
पुलिस के अनुसार, राजपाल सिंह आपराधिक पृष्ठभूमि का है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। अगस्त में लक्की नामक तस्कर को 3 किलो हेरोइन के साथ पकड़े जाने के बाद जांच में राजपाल की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने 19 अक्टूबर को उसे गिरफ्तार किया और उसके खुलासे के बाद अतिरिक्त 5.025 किलो हेरोइन बरामद की गई।



**तस्करी का तरीका और आगे की कार्रवाई** : राजपाल हेरोइन छिपाने के लिए कपड़ों से भरे बैगों का इस्तेमाल करता था और बसों के माध्यम से जालंधर, लुधियाना समेत विभिन्न बस अड्डों पर उन्हें पहुंचाता था। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारी और बरामदगी की संभावना है।

# सड़क से लेकर एयरपोर्ट तक विकास की एक नई इबारत लिख रहा बिहार : जेपी नड्डा



**पटना/औरंगाबाद,,** (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को औरंगाबाद जिले के गोह में आयोजित एक चुनावी जनसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को विकास का प्रतीक बताया। उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि राजग सरकार की विकासपरक नीतियों के कारण आज बिहार तेज़ी से प्रगति कर रहा है। नड्डा ने कहा कि सड़क से लेकर एयरपोर्ट तक बिहार में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है।

**महागठबंधन को विनाश का प्रतीक बताया** : नड्डा ने राजद और कांग्रेस के शासनकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार की जनता उनके कुशासन के इतिहास से परिचित है। उन्होंने राजद के तीन अक्षरों का अर्थ बताते हुए कहा – 'रा' का मतलब "रंगदारी", 'ज' का मतलब "जंगल राज" और 'द' का मतलब "दादागीरी" है। नड्डा ने महागठबंधन को "विनाश का प्रतीक" करार दिया और कहा कि लालू और तेजस्वी ने अपने गुंडाराज और कुशासन के लिए कभी माफी नहीं मांगी।

**बिहार की प्रगति का उजाला**

भाजपा अध्यक्ष ने अपने जन्म और पालन-पोषण का जिक्र करते हुए कहा कि उनका जन्म पटना में हुआ और उन्होंने अपने 20 साल बिहार में ही बिताए। उन्होंने कहा कि उन्हें वह अंधकार का युग अच्छी तरह याद है, जब अपराध और अव्यवस्था का बोलबाला था। उन्होंने राजग सरकार द्वारा बिहार में लाए गए उजाले और प्रगति के युग पर जोर देते हुए कहा कि आज बिहार विकास की राह पर तेज़ गति से दौड़ रहा है।

**विकास की उपलब्धियां गिनाईं**

नड्डा ने कहा कि राजग शासन में सड़क, रेल, बिजली समेत हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने विशेष रूप से केंद्र सरकार के पिछले दशक में बिहार के लिए रेल बजट को दस गुना बढ़ाने का श्रेय दिया। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को बिहार के समग्र विकास का उदाहरण बताया।

**जनता से समर्थन की अपील**

सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में राजग उम्मीदवारों को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार की प्रगति और उजाले की इस यात्रा को जारी रखने के लिए राजग सरकार को बहुमत देना आवश्यक है। नड्डा का संदेश स्पष्ट था कि विकास और सुशासन के लिए राजग ही बिहार का भरोसेमंद विकल्प है।

## पटना में मतदान प्रशिक्षण कार्यशाला-सह-समन्वय बैठक का आयोजन





**पटना** (हि.स.)। पटना में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी के निर्देशन में श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला-सह-समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 563 सेक्टर पदाधिकारी, सभी 06 प्रशिक्षण केंद्रों पर नियुक्त 361 मास्टर ट्रेनर्स और 208 तकनीकी कर्मी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित करना और उन्हें मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराना था। बैठक में उपस्थित सभी कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि द्वितीय चरण का मतदान प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहा है और इसे सफलतापूर्वक संचालित करना उनकी जिम्मेदारी है। विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों और सेक्टर स्तर पर समन्वय स्थापित करने, तकनीकी सहायता सुनिश्चित करने और प्रशिक्षण सत्रों का सुव्यवस्थित संचालन करने पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रकार यह बैठक न केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारी को मजबूती प्रदान करने के लिए आयोजित की गई, बल्कि मतदान कार्मिकों के दक्षता विकास और निर्वाचन प्रक्रिया के पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित संचालन में योगदान देने के उद्देश्य से भी महत्वपूर्ण साबित हुई।

# साल 2005 से पहले बिहार का हाल बुरा था, लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे : नीतीश कुमार



**पटना/सारण,** (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारण जिले के नरपलिया, दरियापुर और मकेर में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर नीतीश कुमार ने कहा कि आप सब जानते हैं कि 24 नवंबर 2005 को हमारी सरकार बनी, तब से कानून का राज है। 20 वर्षों से विकास के काम में लगे हुए हैं। पहले क्या स्थिति थी। पहले बहुत बुरा हाल था। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। शाम में घर में बंद रहते थे। बाहर नहीं जाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर 2005 को हमारी सरकार बनी और तब से लेकर अब तक हम 20 सालों से राज्य में कानून का राज स्थापित करने और विकास कार्यों में लगे हुए हैं। हमारी सरकार के सत्ता में आते ही विकास कार्य तेज़ी से आगे बढ़े हैं। किसी भी तरह के डर या आशंका का माहौल नहीं है। बिहार में अब शांति, प्रेम और भाईचारा है। पहले कितना हिंदू-मुस्लिम झगड़ा होता था। हमने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू की। अब कोई झगड़ा नहीं है। बदमाश रात में हिंदू मंदिरों में घुसकर उत्पात मचाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में कितना विवाद होता था। पढ़ाई का क्या हाल था। बहुत कम पढ़ाई होती थी। इलाज का इंतजाम नहीं था। बिजली कम जगह थी। सड़कों की हालत खराब थी। लोग किसी को कुछ करते थे। महिला को कुछ किया? उन्होंने कहा कि महागठबंधन को वोट मत दीजिए कोई काम नहीं करते हैं सिर्फ गड़बड़ करते हैं। हमें जिताइए, विकास के काम होते रहेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एकमा से धुमल सिंह, मांझी से रणधीर सिंह, छपरा से छोटी कुमारी और बनियापुर से केदार नाथ सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर बिहार के विकास में योगदान देने का आह्वान किया और राजग के सभी उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

## बिहार चुनाव 2025: 28 अक्तूबर को महागठबंधन जारी करेगा संयुक्त घोषणा पत्र, राहुल-तेजस्वी करेंगे संयुक्त रैली




**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बीच महागठबंधन ने 28 अक्तूबर को पटना में अपना संयुक्त घोषणा पत्र जारी करने की घोषणा की है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव संयुक्त रैलियों को संबोधित करेंगे, जबकि प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे छठ पूजा के बाद प्रचार की शुरुआत करेंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री चेहरा बताया। गहलोत ने विपक्षी एकता पर जोर देते हुए नीतीश सरकार पर निशाना साधा। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गोपालगंज में विकास कार्यों का हवाला देते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। भाजपा उम्मीदवार उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि जनता सरकार के काम से संतुष्ट है। चुनाव आयोग के अनुसार, पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर 1314 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान 6 नवंबर को होगा। आचार संहिता लागू होने के बाद सभी दलों ने प्रचार में मर्यादा बनाए रखने का आश्वासन दिया है।

## बिहार के बेगूसराय में ट्रेन की चपेट में आने से चार रिश्तेदारों की मौत

**पटना,** (हि.स.)। बिहार के बेगूसराय जिले के बरौनी-कटिहार रेल खंड के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के उमेशनगर स्टेशन के ढाला के पास बुधवार देररात डाउन आम्रपाली एक्सप्रेस की चपेट में आने से चार रिश्तेदारों की मौत हो गई। साहेबपुर कमाल थानाध्यक्ष सिंटू कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

मृतकों की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रहुआ गांव के निवासी किशुन महतो के 40 वर्षीय पुत्र धर्मदेव महतो, मदन महतो की 35 वर्षीय पत्नी रीता देवी, उनकी 14 वर्षीय बेटी रौशनी कुमारी और नीतीश कुमार की सात वर्षीय बेटी आरोही कुमारी के रुप में हुई है। सभी एक ही घर में रहते थे। यह लोग रघुनाथपुर गांव के काली पूजा के मेले में शामिल होने के बाद अपने गांव रहुआ लौट रहे थे। रहुआ जाने के लिए लोग आमतौर पर रेलवे ट्रैक के किनारे के रास्ते का उपयोग करते हैं। इस मार्ग पर यह लोग आम्रपाली एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। सूचना पाकर पहुंची साहेबपुर कमाल थाना की पुलिस ने शवों को बेगूसराय सदर अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष का कहना है कि इस मार्ग पर चलते वक्त सावधान रहने की जरूरत है।

## लालू-राबड़ी और तेजस्वी घोटालेबाज तिकड़ी का हिस्सा : केशव मौर्या

### सोनिया, राबड़ी, राहुल और तेजस्वी बेल पर, महागठबंधन बना महाठगबंधन



**पटना/भोजपुर,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार की कमान संभाले उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को महागठबंधन और यादव परिवार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी घोटालों के प्रतीक हैं। तेजस्वी यादव भी इसी घोटालेबाज तिकड़ी का हिस्सा हैं।

उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने सोशल मीडिया फेसबुक पर लिखा कि नीतीश कुमार की सरकार नौकरी के बदले जमीन का बैनामा नहीं कराती। उन्होंने कहा कि यादव परिवार गांधी परिवार की पीठ पर सवार है। दोनों वंशवादी परिवारों में घोटालों को लेकर काफी साम्यता है। सोनिया गांधी-राबड़ी देवी और राहुल गांधी-तेजस्वी यादव बेल पर हैं। ऐसे में इन परिवारों का नकाब जनता की नजर में पूरी तरह उतर चुका है।

उन्होंने महागठबंधन को महाठगबंधन करार देते हुए कहा कि जनता अब इस भ्रमित गठबंधन की नाकामी देख चुकी है। भ्रम में जीने वाले इस गठबंधन का कोई मंसूबा सफल होने वाला नहीं है। जनता को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर पूरा भरोसा है। उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार से ही उम्मीद है।

मौर्य ने जनता से अपील की कि वे राजग पर भरोसा बनाए रखें, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार ही बिहार का विकास सुनिश्चित कर सकते है

## ये सबको पहले से पता है कि लालू जी का जंगलराज अगर लौटेगा तो तेजस्वी सीएम बनेंगे : प्रशांत किशोर



**पटना,** (हि.स.)। जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार में बदलाव की तैयारी होने का दावा किया है। उन्होंने बिहार के सीवान जिले में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बिहार में बदलाव की तैयारी हो गयी है।बिहार में लालू, नीतीश, मोदी और अमित शाह का राज अब खत्म।अब बिहार में बिहार के लोगो का राज होगा, जनता का राज होगा और जनसुराज होगा और उसकी बानगी हो गयी है।इसको कोई नहीं रोक सकता है।

प्रशांत किशोर ने तेजस्वी के सीएम और मुकेश सहनी के उपमुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित होने पर तंज कसते हुए कहा - ये सबको पहले से पता है कि लालू जी का जंगलराज अगर लौटेगा तो तेजस्वी सीएम बनेंगे।

प्रशांत किशोर ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि छठ और दीपावली पर भाजपा ने दो हजार स्पेशल ट्रेन चलाने की बात कही थी, लेकिन लोग फिर भी जानवर की तरह ट्रेनों में धक्का खाकर छठ के लिए आ रहे हैं, इसलिए इस बार युवाओं के लिए,उनके भविष्य के लिए और उनके रोजगार के लिए वोट कीजिए।

## छठ पर्व पर पटना में ट्रैफिक में बड़ा बदलाव: 27-28 अक्टूबर को कई मार्गों पर आवागमन रहेगा प्रतिबंधित




**पटना,** (हि.स.)।छठ पूजा को लेकर पटना जिला प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए हैं। 27 और 28 अक्टूबर को छठ व्रतियों की सुविधा और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। ट्रैफिक एसपी के अनुसार 27 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक और 28 अक्टूबर की सुबह 2 बजे से 8 बजे तक कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अशोक राजपथ पर कारगिल चौक से दीदारगंज तक आपातकालीन वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। वहीं, जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) पर दीघा गोलंबर से दीदारगंज तक दोनों लेनों में यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। 27 अक्टूबर दोपहर 2 बजे से 28 अक्टूबर सुबह 6 बजे तक जेपी सेतु पर भी भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। प्रशासन ने आमजन को सलाह दी है कि वे महात्मा गांधी सेतु का उपयोग करें। गाय घाट व अन्य घाटों की ओर जाने वाले व्रतियों के लिए अलग-अलग रूट और पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों—जैसे पटना कॉलेज, साइंस कॉलेज, हथिया बागान, लोहा गोदाम, और कटरा बाजार समिति—में ही खड़ा करने की अनुमति होगी। ट्रैफिक पुलिस ने व्रतियों और वाहन चालकों से दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# बिहार में वैशाली जिले के लालगंज से राजद उम्मीदवार शिवानी शुक्ला को गोली मारने की धमकी

**पटना,** (हि.स.)।

**» पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रंधीर कुमार और उनके भाई रंजीत कुंवर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।**

-----------------

**» जांच में पता चला कि धमकी देने वाला रंजीत कुंवर है, जो फिलहाल हैदराबाद में रहता है और उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि रही है।**

-----------------



वैशाली जिले के लालगंज विधानसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार शिवानी शुक्ला को अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, धमकी देने वाला व्यक्ति सीधे पुलिस कंट्रोल रूम और स्थानीय करताहा थानाध्यक्ष के मोबाइल नंबर पर कॉल कर धमकी दी। इस मामले के सामने आने के बाद शिवानी शुक्ला की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**गिरफ्तारी और प्राथमिकी दर्ज**

करताहा थानाध्यक्ष कुणाल आजाद के नेतृत्व में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रंधीर कुमार और उनके भाई रंजीत कुंवर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। शुरुआती पूछताछ में पता चला कि हत्या की धमकी रंजीत कुंवर ने ही दी थी। रंजीत फिलहाल हैदराबाद में रह रहा है। एसडीपीओ सदर-2 गोपाल मंडल ने बताया कि जिला कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि मोबाइल नंबर 7479749222 से कोई व्यक्ति घटारो क्षेत्र में "बड़ी घटना" होने की बात कह रहा है।

**धमकी का मामला और रंगदारी की मांग** : फोन करने वाले ने थानाध्यक्ष से कहा कि राजद उम्मीदवार शिवानी शुक्ला के पास काफी पैसा है और यदि वह रंगदारी नहीं देगी तो घटारो आने पर उसे गोली मार दी जाएगी। इसके बाद पुलिस सतर्क हो गई और जिला तकनीकी शाखा के सहयोग से एसडीआर निकालकर धमकी देने वाले नंबर की पहचान की गई। पता चला कि नंबर रंधीर कुमार के नाम पर है, लेकिन इसका उपयोग उनके भाई रंजीत कुंवर कर रहा था।

**आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि** : जांच में यह भी पता चला कि रंजीत कुंवर पहले हाजीपुर जेल में हत्या के मामले में बंद रह चुका है और हैदराबाद में दुष्कर्म के एक मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने रंजीत की लोकेशन हैदराबाद में पाई और अब उसके खिलाफ कार्रवाई जारी है। इस पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय प्रशासन और राजद नेताओं में गंभीर चिंता उत्पन्न कर दी है, और चुनाव के मद्देनज़र सुरक्षा प्रबंध और कड़ी कर दिए गए हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर पूर्णिया में डीएम अंशुल कुमार ने की समीक्षा बैठक

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लिया सभी कोषांगों और निर्वाची पदाधिकारियों का अद्यतन प्रगति विवरण,सभी कोषांगों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश

**न्यूज़ स्केल, पूर्णिया**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर जिला मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने की। बैठक में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी और निर्वाची पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रत्येक कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों से वर्तमान स्थिति, संचालित कार्यों की गति और आगामी कार्यक्रमों के निष्पादन की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी चुनावी गतिविधियाँ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार पूर्ण की जाएँ। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, शुचिता और दक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रत्येक अधिकारी और कोषांग यह सुनिश्चित करें कि उनकी जिम्मेदारी के अंतर्गत आने वाले सभी कार्य नियत समय पर और पूरी तत्परता के साथ संपन्न हों। बैठक में मतदान केंद्रों की तैयारियों, मतदाता जागरूकता अभियानों, मतदान सामग्री की उपलब्धता, सुरक्षा प्रबंध और तकनीकी तैयारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की देरी या त्रुटि को रोका जाए और प्रत्येक चरण पर गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी कर्मचारियों की ट्रेनिंग, मतदान से पूर्व व्यवस्थाओं का निरीक्षण और निर्वाचन कार्यों का समुचित दस्तावेजीकरण समयबद्ध रूप से किया जाए। इस प्रकार, बैठक का उद्देश्य सभी विभागों को निर्देशित कर, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को गति देना और सुनिश्चित करना था कि चुनाव प्रक्रिया सुचारु, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो।

# पूर्णिया में स्वीप कोषांग की समीक्षा बैठक, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश,ग्रामीण और प्रवासी मतदाताओं पर फोकस

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा-निर्देश पर गुरुवार को उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में स्वीप (SVEEP) कोषांग की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदाताओं में जागरूकता फैलाने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में ICDS, जीविका, स्वास्थ्य विभाग और कल्याण विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तैयार माइक्रोप्लान को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए ताकि ग्रामीण और प्रवासी मतदाताओं तक मतदान जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचे।

**वॉल पेंटिंग और विशेष अभियान से बढ़ेगा जनसंपर्क**

बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 अक्टूबर से विशेष अभियान के तहत ग्रामीण एवं प्रवासी (माइग्रेट) मतदाताओं को चिन्हित किया जाएगा। सभी विभागों के कर्मियों द्वारा वॉल पेंटिंग जैसे प्रभावी माध्यमों का उपयोग करते हुए मतदान



के महत्व पर संदेश लिखे जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य है कि मतदाताओं को 11 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान में अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा सके।

**LOW VTR बूथों पर 'संध्या चौपाल' अनिवार्य**

उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 13 LOW VTR (कम मतदान प्रतिशत वाले) बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इन बूथों पर 'संध्या चौपाल' का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाएगा, जिसमें मतदाताओं को मतदान का महत्व, लोकतंत्र में उनकी भागीदारी और एक वोट की ताकत के बारे में बताया जाएगा।

**सभी विभागों को रिपोर्टिंग और प्रचार सामग्री साझा करने के निर्देश**

डीडीसी ने कहा कि सभी विभाग अपनी गतिविधियों की रिपोर्टिंग समय पर सुनिश्चित करें। प्रत्येक विभाग को निर्देश दिया गया है कि अपने नाम सहित प्रेस विज्ञप्ति, उच्च गुणवत्ता (HD) फोटो और शॉर्ट वीडियो/रील अनिवार्य रूप से जिला प्रेस रिलीज ग्रुप में साझा करें। उन्होंने कहा कि ICDS, जीविका, स्वास्थ्य और कल्याण विभाग के समन्वित प्रयास से मतदाता जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

# वीरपुर पंचायत के पोखरिया में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ,

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जितेंद्र यादव ने मंगलवार की देर रात बीरपुर पंचायत के पोखरिया में नाइट क्रिकेट सीजन-09 का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की अपील करते हुए कहा कि खेलकूद से न केवल शारीरिक रूप से फिटनेस मिलती है, बल्कि यह अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत और हार दोनों ही महत्वपूर्ण होती हैं। जीतने वाले खिलाड़ियों को अपनी सफलता बनाए रखने के



लिए और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता होती है, जबकि हारने वालों को अगले अवसर के लिए और सशक्त होकर लौटना चाहिए। यादव ने टूर्नामेंट के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इसके बाद जितेंद्र यादव ने सदर विधानसभा क्षेत्र के लालगंज पंचायत में आयोजित जलसा में भाग लिया। वहीं, नगर निगम क्षेत्र सहित विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित काली पूजा समारोहों में शामिल होकर उन्होंने मां काली की पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और अमन-चैन की कामना भी की।

# 8 वर्ष बाद बेटी से मिला परिवार :पूर्णिया वन स्टॉप सेंटर ने लिखी मानवीय संवेदना की मिसाल

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने प्रशासनिक तंत्र की मानवीय संवेदनशीलता को नई परिभाषा दी है। आठ वर्षों से लापता एक मंदबुद्धि महिला का अपनी मां से पुनर्मिलन न केवल भावनात्मक क्षण साबित हुआ, बल्कि यह भी दिखाया कि जब इच्छा और संवेदना साथ हों तो असंभव लगने वाले कार्य भी संभव हो जाते हैं।

**कर्नाटक के उडुपी से मिली लापता महिला**

महिला एवं बाल विकास विभाग, पूर्णिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह महिला वर्ष 2017 में घर से भटक गई थी और परिजनों के लिए लापता हो गई थी। वर्षों की तलाश के बाद हाल ही में वह कर्नाटक के उडुपी जिले में मिली। स्थानीय प्रशासन ने उसे वन स्टॉप सेंटर उडुपी में शरण दी, जहां परामर्श सत्र के दौरान उसने अपने गांव का नाम “सन सहिदा भवानीपुर” बताया। महिला के बताए नामों और सीमित जानकारी के आधार पर उडुपी वन स्टॉप सेंटर की टीम ने इंटरनेट के माध्यम से खोजबीन शुरू की और अंततः पूर्णिया जिले की पहचान की। इसके बाद उडुपी वन स्टॉप सेंटर ने पूर्णिया स्थित वन स्टॉप सेंटर से संपर्क साधा।

**पूर्णिया वन स्टॉप सेंटर की संवेदनशील पहल**

पूर्णिया वन स्टॉप सेंटर की टीम ने जानकारी



मिलते ही सक्रियता दिखाई। जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से महिला के परिजनों का पता लगाया गया। सत्यापन के बाद, आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा कर उडुपी से पुलिस और महिला रक्षक की देखरेख में महिला को सुरक्षित रूप से पूर्णिया लाया गया। वन स्टॉप सेंटर की इस पहल ने यह साबित किया कि जब प्रशासनिक तंत्र सहयोग की भावना से कार्य करे, तो सीमाएँ और दूरी महत्वहीन हो जाती हैं।

**भावनाओं से भरा पुनर्मिलन – मां की आंखों में छलक पड़े आंसू**

दिनांक 23 अक्टूबर 2025 को पूर्णिया वन स्टॉप सेंटर परिसर में वह पल आया जब वर्षों से बिछड़ी बेटी को उसकी मां के हवाले किया गया। मां-बेटी के मिलन का दृश्य देख उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता भावुक हो उठे। मां की आंखों से निकले आंसू सिर्फ खुशी के नहीं थे, बल्कि उस उम्मीद के भी थे जो उसने कभी छोड़ी नहीं थी।

# वायरल पोस्ट पर पुलिस का आधिकारिक बयान, नाबालिग पीड़िता की गोपनीयता का उल्लंघन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में दावा किया गया कि जिले में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ रेप और हत्या हुई है, और पुलिस पर कारवाई न करने के आरोप लगाए गए हैं। पूर्णिया पुलिस ने इस वायरल पोस्ट के संबंध में अपना आधिकारिक संस्करण जारी किया है। पुलिस ने बताया कि वायरल पोस्ट में दिखाया गया मामला रघुवंशनगर थाना क्षेत्र की 13 फरवरी 2025 की घटना है। इस मामले में कांड संख्या 12/2025 के तहत धारा 70(2), 103(1), 61(2) भा०न्या०सं० और 4,6 पॉक्सो एक्ट के तहत अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। अनुसंधान के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ क्रमशः आरोप पत्र संख्या 28/2025 (13.04.2025) और 106/2025 (10.07.2025) दायर किए जा चुके हैं। पूर्णिया पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी नाबालिग पीड़िता का नाम या फोटो सार्वजनिक करना अपराध है। वायरल पोस्ट के लिए ट्विटर पर संबंधित सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई हेतु रघुवंशनगर थाना को निर्देशित किया गया है पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर वायरल किसी भी संवेदनशील जानकारी को साझा करने से पहले सत्यापन अवश्य करें।

# काली पूजा के अवसर पर उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन,

## माता काली के दर्शन से जीवन में संचारित होती है नई ऊर्जा पल्लवी गुप्ता

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया नगर निगम उपमहापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता ने बुधवार, 22 अक्टूबर को शहर के विभिन्न काली पूजा पंडालों में घूमकर माता काली के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने आशीर्वाद लिया और पूजा स्थल पर उपस्थित भक्तों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने कहा कि माता काली का दर्शन जीवन में न केवल आस्था बढ़ाता है बल्कि नई ऊर्जा और असीम आत्म शक्ति का अनुभव भी कराता है।

**बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ**





उपमहापौर ने मधुबनी तारा नगर काली मंदिर में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर श्रीमती आरती देवी और शोभा देवी ने उन्हें अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। पल्लवी गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में आपसी समरसता, भाईचारे और सामाजिक मूल्यों का विकास करते हैं, जिससे उनका व्यक्तित्व संस्कारी और सशक्त बनता है।

**स्वच्छता और जिम्मेदारी का संदेश**

इस अवसर पर उपमहापौर ने सभी दर्शनार्थियों से आग्रह किया कि कार्तिक मास के पवित्र अवसर पर गली-मोहल्लों की सफाई का ध्यान रखें और पूजा उत्सव को स्वच्छ वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि इससे पूर्णिया स्मार्ट सिटी की दिशा में एक कदम और बढ़ेगा और अन्य जिलों के लोग भी हमारे प्रयासों से प्रेरणा लेंगे।

# कार्यवाई : कटिहार मोड़ टीओपी ने स्मैक सहित तीन को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

कटिहार मोड़ टी०ओ०पी० (सदर थाना) को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक मोटरसाइकिल, कुल 28.85 ग्राम स्मैक और एक मोबाइल के साथ



दो पुरुष एवं एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो0 हबीब (23 वर्ष), पिता स्व0 अमजद अली, सा0 पैका गोला, कमालपुर और मो0 रियासत साह (19 वर्ष), पिता मो0 जहांगीर, सा0 रानीपतरा, थाना मुफस्सिल, जिला पूर्णिया शामिल हैं। इसके अलावा एक अन्य महिला अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सभी अभियुक्तों से बरामद सामग्री नशा तस्करी से संबंधित है और मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की नशा तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत टीओपी या नजदीकी थाना को दें।

# आस्था का महापर्व : नहाय खाय के साथ कल से शुरू होगा चार दिवसीय आस्था और स्वच्छता का महापर्व छठ

## छठ पर्व की तैयारियों में जुटी छठ व्रती महिलाएं, बाजारों में दिखने लगा रौनक, डाला सूप और पूजन समाग्री की सज गयी हैं दुकाने

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

कार्तिक शुक्लपक्ष चतुर्थी तिथि से छठ महापर्व की शुरुआत होती है. कल शनिवार को छठ ब्रती स्वच्छता और आस्था के महापर्व की शुरुआत करेगी. शनिवार को नहाय खाय के बाद रविवार को खरना और इसी के साथ छठ व्रतियों का निर्जला ब्रत शुरू होगा ! सोमवार को पहला अर्घ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित होगा. मंगलवार को उगते हुये सूर्य को अर्घ अर्पित कर महापर्व का समापन हो जायेगा. लोक आस्था के इस महापर्व की तैयारी शुरू हो गयी है. बाजारों में पर्व से संबंधित समानो की खरीदारी को लेकर भीड़ उमड़ने लगी है. पूजा से संबंधित समानो की दुकानें सज गयी है और खरीदारी परवान पर है. सुप ,डाला ,नारियल ,गन्ना, डाब ,फल और पूजा में शामिल अन्य समानो से बज्जर सजा है .महापर्व के छठ गीतों का शोर शहर के फिजा में गूंजने लगा है . पर्व की तैयारियों में जुटी छठ ब्रती महिलाये गेहूं सुखाने और मिट्टी का चूल्हा बनाने की तैयारी में जुट गयी हैं ! कल शनिवार कों गंगा स्नान के बाद सूर्य उपासना के महापर्व की शुरुवात करेंगी .

**कल शनिवार कों नहाय खाय के साथ शुरू होगा महापर्व**

लोक आस्था के पर्व के पहले दिन शनिवार को छठ व्रती गंगा स्नान के बाद अरवा चावल, चने की दाल और लौकी से बने विभिन्न व्यंजन को तैयार कर सूर्य देव को जल





अर्पित करने और अपने आराध्य को नमन करने के बाद पर्व की शुरूआत करेगी. उसके बाद घर के सदस्य भोजन ग्रहण करते है. शनिवार को सौरा नदी घाट पर हजारों की भीड़ उमड़ेगी और लाखों लोग गंगा स्नान के लिए प्रस्थान करेंगे. हालांकि शुद्धिकरण के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं शुक्रवार को भी सौरा नदी तट पर पहुंचेगी और स्नान कर गंगा पूजन एवं शिवालय में पूजा-पाठ कर पर्व की शुरुवात करेंगी.

**छठ गीतों के साथ परवान चढ़ रही है आस्था**

उगहो सूरज देव अर्घ के बेर ..अरघवे के बेर ....कांच ही बांस के भंगिया ....बहंगी केकरा के जाय.... जैसे लोक गीत शहर से लेकर गांव के चौक चौराहों बाजार और हर घर मे बजने लगे हैं. भगवान भास्कर को समर्पित इन गीतों के मधुर आवाज से समूचा वातावरण भक्तिमय होने लगा है. छठ पर्व की तैयारियों में जुटे लोगो के आस्था को छठ पर्व का यह गीत परवान चढ़ा रहा है. वातावरण में समाहित छठ गीतों की भीनी खुशबू लोक आश्था के महापर्व को परवान चढ़ा रहा है.

**छठ के समानो से पटा है बाजार उमड़े ख़रीदनर**

छठ पर्व के तैयारियों को लेकर पूजा के समानो की खरीदारी तेज हो गयी है.अलबत्ता बाजार भी सजधज कर तैयार है .बाजार में नारियल, टाब, कवरंगा, फल ,सुप ,डाला (दौरा) इत्यादि पर्व के समानो से पटा हुआ है. वही दूसरी तरफ खरीदारों की भीड़ भी बाजारों में उमड़ पड़ी है. हालांकि इस बार कई समानो के दाम में तेजी है और कई समानो के दाम कम हुए है लेकिन आस्था के आगे महंगाई फीकी साबित हो रही है. कद्दू का दाम अभी से ही बढ़ा हुआ है नारियल, टाब, सूप, दौरा, फल के दाम भी बीते वर्ष की तुलना थोड़ा महँगा दिख रहा है ! शहर के खुशकीबाग , मधुबनी ,भट्ठा बाजार ,गुलाबबाग में खरीदारों की भीड़ दिखने लगी है !

**अगले चार दिनों तक स्वच्छता रहेगा महत्वपूर्ण**

लोक आस्था के महापर्व छठ पूर्ण आस्था के साथ-साथ पूर्ण रूपेण स्वच्छता का भी पर्व है. इस पर्व पर व्रती महिलाये घरो में पूरी स्वच्छत का ख्याल रखती है. जिस जगह छठ पर्व की पूजन सामग्री रखी जाती है, उसके आसपास किसी के आने-जाने पर भी प्रतिबंध होता है. साफ-सफाई के साथ चार दिनों तक ब्रती महिलाओ के अलावा घर के सदस्य लहसून, प्याज को खाने में शामिल नहीं करते हैं. खास बात यह है कि इस महापर्व में परिवार के हर सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. वैसे तो छठ पर्व भगवान भास्कर से पुत्र मांगने का है लेकिन स्वक्षता के इस पर्व में बच्चो को भी पूजा सामग्री वाले कमरे में जाने पर पावंदी रहती है .

### चंपानगर पी एस एस फीडर में आज रहेगी दो घंटे बिजली बाधित

**न्यूज स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंड क्षेत्र तहत चंपानगर पी एस एस में शुक्रवार को आवश्यक मेंटनेंस कार्य को लेकर दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।उक्त आशय की जानकारी सहायक विद्युत अभियंता के,नगर ने जानकारी देते हुए कहा कि चंपानगर पी एस एस में आवश्यक मेंटनेंस कार्य को लेकर शुक्रवार को दिन के एक बजे से तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।जिसमें इस पी एस एस से जुड़े सभी फीडर क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।उन्होंने आग्रह किया है कि उपभोक्ता समय से पूर्व जरूरी कार्य कर लेने को कहा है।

## सोशल मीडिया पर देशी कट्टा लहराते वीडियो वायरल, युवक को पुलिस ने धर दबोचा, देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद

**न्यूज स्केल बनमनखी**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एसडीपीओ शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में सोशल मीडिया से लेकर अपराधी,तस्कर तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं पुलिस प्रशासन लगातार अपराधियों के विरुद्ध साधन छापेमारी अभियान चला रही है. इन दिनों पुलिस का भय अपराधियों,असामाजिक तत्वों के सिर चढ़कर बोल रहा है पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए हुए हैं बुधवार देर शाम पुलिस को सोशल मीडिया पर वायरल हाथ देशी कट्टा लेकर हवा में लहराते हुए एक युवक तस्वीर पर पर नजर गई.पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त रूप से मुखबिर के द्वारा सोशल मीडिया



पर वायरल फोटो का का सत्यापन कर व्हाट्सएप के माध्यम से सारी जानकारी इक्कठा किया. फिर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घर से धर दबोचा. मामले में बनमनखी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि समाज में दबदबा कायम करने के उद्देश्य से अपने हाथ में देशी कट्टा हवा में लहराते हुए युवक ने सोशल मीडिया पर फोटो डाला था. सोशल मीडिया पर वायरल फोटो का सत्यापन कर किया गया. युवक का पहचान मो० इसराईल उर्फ बेचन, उम्र करीब 25 वर्ष,सा०-मखनाहा वार्ड नं0-10, थाना-बनमनखी, जिला पूर्णियाँ निवासी के रूप में हुई. युवक का पहचान होने की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी गई. एसडीपीओ शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में पु०अ०नि० कमल कुमार एवं पु०अ०नि० ऋषि यादव एवं सशस्त्र बल के सिपाही गृह रक्षक अशोक कुमार मंडल, गृह रक्षक अशोक यादव की टीम गठित की गई. गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करने निकल पड़ी.वायरल युवक पुलिस वाहन देखते ही भागने लगे.भागते युवक को पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया. बताया कि युवक की तलाशी लेने पर पुलिस को मोबाइल के अलावा कुछ भी हाथ नहीं लगा. पकड़ाए युवक मो० इसराईल से अवैध रूप से लहराते देशी कट्टा के संबंध में कराई से पूछताछ की गई. पकड़ाए युवक से कराई से पूछताछ में स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर लहराते देशी कट्टा मेरा ही है देशी कट्टा मुसहरी झांगर टोली, मखनाहा में एक बगीचे में घास-फूस के बीच छुपा कर रखने की बात कही. आरोपी मो० इसराईल उर्फ बेचन के निशानदेही पर मखनाहा के ओमप्रकाश सिंह के आम के बगीचे में हल्दी लगे पौधा के अन्दर छुपाया हुआ एक पीला झोला में देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ. युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

## जिले की संक्षिप्त खबरें

### चंपानगर पुलिस ने चोरी की मोटर के साथदोअभियुक्तोंकोकियागिरफ्तार

**न्यूज स्केल चंपानगर**

चंपानगर थाना पुलिस ने दो चोरी की मोटरों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुन्ना कुमार (25), पुत्र महादेव मेहता, रामनगर वार्ड नं. 07 और राकेश कुमार (25), पुत्र फागू महलदार, कोहवारा वार्ड नं. 08 शामिल हैं। दोनों ही आरोपी चंपानगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार



आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई जारी है और उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे प्रस्तुत किया जाएगा। चोरी की मोटरों को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### कसबा में मां महाकाली पूजा का भव्य समापन



**न्यूज स्केल कसबा**

कसबा के प्राचीन शिवशक्ति पीठ सार्वजनिक मां महाकाली मंदिर, श्री राम ठाकुर बाड़ी, आर्य नगर हाट में तीन दिवसीय भव्य मां महाकाली पूजा का समापन विधिवत पूजा-अर्चना और बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। मंदिर में मां महाकाली की पूजा वैष्णवी प्रारूप से की जाती है और प्रत्येक माह की अमावस्या पर चौंसठ योगिनी माता की पूजा अर्चना भी होती है। मंदिर प्रांगण में स्थित मनोकामना सिद्धि बाबा केदारनाथ शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया गया। दूर-दूर से भक्त भारी संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना और मनोकामना सिद्धि का लाभ लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## कांग्रेस प्रत्याशी विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हुए शामिल ,किया जन संवाद

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र 62 में कांग्रेस प्रत्याशी ने विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कबैया पंचायत स्थित काली मंदिर प्रांगण में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में उपस्थित होकर खिलाड़ियों और आयोजकों से संवाद किया।

साथ ही, महबूब खान टोला, आश्रम रोड स्थित दक्षिणेश्वरी काली मंदिर, ओरिएंट क्लब काली पूजा समिति, चौहान टोला सहित नगर निगम और विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में आयोजित काली पूजा एवं पूजा-अर्चना में




शामिल हुए।

नगर निगम वार्ड नंबर 22 और 26 के पार्षदों के साथ उन्होंने छठव्रतियों को गंगा स्नान कराने की व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह के साथ संवाद किया और सामाजिक आयोजनों में हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में स्थानीय लोग, पूजा समिति के सदस्य और नगर निगम प्रतिनिधि उपस्थित रहे। महापौर विभा कुमारी भी कुछ कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

## अमौर प्रखंड में काली पूजा समारोह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न, नम आंखों से मां काली को दी गई विदाई

**न्यूज स्केल अमौर**

अमौर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न काली मंदिरों में बुधवार को काली पूजा धूमधाम और भव्य सजावट के साथ संपन्न हुई। प्रखंड के लगभग 20 मंदिरों में विधि-विधान और तांत्रिक पद्धति के अनुसार मां काली की पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने सुख, शांति, समृद्धि और समाज कल्याण की कामना करते हुए नम आंखों से मां काली को विदाई दी। ऐतिहासिक विष्णुपूर काली मंदिर में भी तीन सौ वर्ष पुरानी परंपरा के अनुसार भजन, कीर्तन, जागरण और मेला का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने छागर की बलि देकर अपनी अटूट श्रद्धा दिखाई। संध्या के समय भोग अर्पित कर आरती की गई, गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया और नजदीकी तालाब में मां काली की प्रतिमा का विसर्जन कर काली पूजा समारोह का समापन किया गया।



इस अवसर पर अमौर, विष्णुपूर, असरना, मंगलपूर, खरहिया, बागढर, सिरोटोल, मच्छटा, नितेन्द्र, रहिका टोल, लड़हैया, बेलगच्छी, फकीरटोली, रमणी, बसतपूर, छपरैली, रौती, परतिया, तरोना और परमानपूर आदि मंदिरों में पूजा अर्चना और प्रतिमा विसर्जन किया गया। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की और जनसहयोग भी कायम रहा।

### गोआसी के समाजसेवी रणजीत सिन्हा के पिता का निधन, शोक



**न्यूज स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंड के गोआसी स्थित समाजसेवा संगठन के अध्यक्ष रणजीत सिन्हा के पिता खगेंद्र प्रसाद लाल का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्रवासी शोकाकुल हैं। इस दुखद अवसर पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शशि भूषण गुप्ता, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि हरिनंदन यादव, समाजसेवा संगठन के सचिव पूर्णेन्दु सिंह माधव, जवाहर गुप्ता और पंकज कुमार यादव सहित जिला सांसद प्रतिनिधि अफरोज आलम शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी। खगेंद्र प्रसाद लाल कुशल व्यक्तित्व के धनी थे और उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके बड़े पुत्र रणजीत सिन्हा और सन्नी कुमार को क्षेत्रवासियों ने ढांढस बंधाया।

## पूर्णिया विधानसभा में प्रवासी मतदाताओं के लिए सफल जागरूकता अभियान, बूथ 39 और 40 पर सेविकाओं ने चलाया विशेष अभियान

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 में अधिकतम मतदाता भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, 62-पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 39 और 40 पर सेविकाओं द्वारा एक सफल मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का मुख्य फोकस



प्रवासी मतदाता थे, जो अक्सर मतदान प्रक्रिया से वंचित रह जाते हैं। अभियान के दौरान सेविकाओं ने प्रेरणादायक जागरूकता रैली का आयोजन किया और सार्वजनिक स्थानों पर दीवार लेखन (वॉल पेंटिंग) के माध्यम से मतदान के महत्व को रेखांकित किया। इस प्रयास से क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाने में मदद मिली।

## दिशा निर्देश: दलमालपुर चेकपोस्ट पर बिना जांच किए कोई भी गाड़ी नही जाए : सामान्य प्रेक्षक

**न्यूज स्केल अमौर**

आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने को लेकर अमौर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले अमौर प्रखंड एवं वैसा प्रखंड में सामान्य प्रेक्षक वी शनमुगम ने सीओ धीरेन्द्र कुमार,राजस्व अधिकारी कृष्ण मोहन राय,थानाध्यक्ष अवधेश कुमार,पीओ धीरज कुमार, के साथ चुनाव को लेकर समीक्षात्मक की एवं चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वही उसके बाद जोकीहाट और अमौर के बॉर्डर दलमालपुर चेकपोस्ट कर जाकर निरीक्षण किया एवं वहा पर तैनाद कर्मी को निर्देश दिया गया की बिना जांच किए कोई भी गाड़ी



नही जाए,सभी गाड़ी को सख्ती के साथ जांच कर जाना है। सड़कों पर आवाजाही पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिए। फिर कई विद्यालय में बना वलनरेबल और क्रिटिकल बूथों का सामान्य प्रेक्षक वी शनमुगम के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान बूथों का जायजा लिया। उन्होंने असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। साथी शरारती तत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही करने की बात कही है। अगामी विधानसभा चुनाव भय मुक्त एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई है। सामान्य प्रेक्षक ने विधि व्यवस्था सहित अन्य मामलों पर पदाधिकारी से बातचीत कर कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। मौके पर अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद थे।

## गोआसी में धूमधाम से सम्पन्न हुआ चित्रगुप्त पूजा

**न्यूज स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंड के गोआ सी में स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में धूमधाम से पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोआ सी में लगभग तीन दशक से चित्रांश परिवारों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार यह पूजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया।

पूजन के बाद मंदिर में प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपने कला प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस पूजा कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को जीवित रखा,



बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव का भी प्रतीक प्रस्तुत किया। आयोजन में क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दिखाई।

# समीक्षा :कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र : निर्वाचक नामावली की तैयारी हेतु प्रमंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न ,प्रमंडलीय आयुक्त ने त्वरित अनुवर्ती कार्रवाई का दिए दिशा-निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की तैयारी को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल में एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल ने VC के माध्यम से की। बैठक में कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।
बैठक में आयुक्त महोदय द्वारा जिला-वार प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही AERO और Designated Officers द्वारा किये गए आवेदन पर की गई कार्रवाई का विश्लेषण भी किया गया। आयुक्त महोदय



ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आलोक में सभी AERO एवं Designated Officers को त्वरित गति से अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।
बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि यदि किसी आवेदक का आवेदन व्यक्तिगत रूप से प्राप्त होता है, तो प्रस्तुत दस्तावेज़—डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र या मार्कशीट—की जाँच अधिकारी द्वारा की जाएगी। अधिकारी स्वयं संतुष्ट होने पर "मूल से सत्यापित और सही पाया गया" या "मूल से सत्यापित किया गया और सही नहीं पाया गया—निरस्त किया गया" लिखेंगे।
आयुक्त महोदय ने यह भी बताया कि वर्तमान में बिहार विधान सभा चुनाव से संबंधित कार्यों में Designated Officers पूरी तरह व्यस्त हैं, जिससे कोशी स्नातक निर्वाचक नामावली की तैयारी प्रभावित हो रही है। इसलिए सभी Designated Officers को विधानसभा चुनाव से संबंधित कार्य से मुक्त कर, उन्हें नामावली तैयार करने की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है।
बैठक में यह निर्देश भी दिया गया कि कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सभी AERO और Designated Officers अपने कार्यालय की आगत शाखा से प्रमाण-पत्र प्राप्त करेंगे कि किसी भी फॉर्म-18 आवेदन पत्र की आगत शाखा में प्राप्ति नहीं हुई है। यदि कोई आवेदन प्राप्त हुआ है, तो उसे पंजीबद्ध कर संबंधित पदाधिकारी को सौंप दिया गया है।
आयुक्त महोदय ने आगामी बैठक की तारीख भी तय की, जिसमें सभी नोडल पदाधिकारी अपने जिले के प्रत्येक प्रखंड के दो-दो अभिलेखों के साथ प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया में उपस्थित होंगे। बैठक का उद्देश्य नामावली की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध बनाना बताया गया।

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवारों के बीच विशेष मतदाता जागरूकता अभियान प्रारंभ

## डीएम के निर्देश पर विकास मित्र व टोला सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशानुसार जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों के मतदाताओं के बीच मतदान जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष SVEEP अभियान शुरू किया गया है।
इस विशेष अभियान के तहत गुरुवार को जिले के सभी प्रखंडों में विकास मित्रों एवं टोला सेवकों के लिए प्रशिक्षण




कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल टोलों में रहने वाले मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देना, उन्हें लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना तथा प्रत्येक मतदाता तक जागरूकता का संदेश पहुँचाना है।

**हर मतदाता तक पहुँचेगी मतदान पर्ची और जानकारी**

**अभियान के अंतर्गत विकास मित्र एवं टोला सेवक** अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता तक पहुँचकर उन्हें मतदान केंद्र (बूथ) की जानकारी, वैध मतदाता पहचान पत्र से जुड़ी आवश्यक जानकारी देंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान पर्ची मतदाता के घर तक पहुँचे। इस पहल का लक्ष्य है कि आगामी 11 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान दिवस पर जिले के सभी पात्र मतदाता अपने बूथ पर पहुँचकर 100 प्रतिशत मतदान में भाग लें

**जिला प्रशासन पूर्णिया की अपील :**
**"11 नवंबर को मतदान अवश्य करें, लोकतंत्र को सशक्त बनाएं।**

**शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प**
: जिला प्रशासन ने इस विशेष अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है कि कोई भी मतदाता छूटे नहीं। विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों में निवासरत मतदाताओं तक जागरूकता के सभी माध्यमों से पहुँच बनाकर, लोकतंत्र के इस पर्व को जन-जन का उत्सव बनाया जाएगा।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : पूर्णिया में पुलिस अधिकारियों की सुरक्षा बैठक,

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 23.10.2025 को पुलिस अधीक्षक पूर्णिया स्वीटी सेहरावत के नेतृत्व में समाहरणालय स्थित प्रज्ञान भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस ऑब्जर्वर, अपर पुलिस अधीक्षक, केंद्रीय बल के कमांडर एवं जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।
बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को चुनाव की तैयारी में कड़े अनुशासन और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष



हो, इसके लिए प्रत्येक बूथ पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया जाए। केंद्रीय बल एवं जिला पुलिस के बीच समन्वय बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने और वहां विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया।
अधिकारियों को चुनावी गतिविधियों, रैलियों और जनसभाओं के दौरान जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान में पुलिस की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में शांति और सुरक्षित मतदान सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का पालन पूरी तत्परता और प्रमुखता के साथ करने के निर्देश दिए गए।

# पूर्णिया के नगर प्रखंड में मतदाता जागरूकता हेतु 'ग्राम चौपाल' का सफल आयोजन



**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्णिया जिले के नगर प्रखंड में गुरुवार को 'ग्राम चौपाल' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित किया गया।
इस क्रम में कसबा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 2 (प्राणपटी मध्य विद्यालय, पूरब भाग) के क्षेत्र में आयोजित इस चौपाल में स्थानीय मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य था — "एक भी मत न छूटे।"इस अवसर पर आशा फैसिलिटेटर, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविकाएं और जीविका समूह की महिलाओं ने संयुक्त रूप से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम सत्यापन और मतदान दिवस पर मतदान केंद्र तक पहुंचने की जानकारी दी।
चौपाल के दौरान वक्ताओं ने बताया कि हर नागरिक का एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। विशेष रूप से महिला मतदाताओं को उनके मतदान अधिकार और लोकतांत्रिक भागीदारी के महत्व से अवगत कराया गया।

# पूर्णिया में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव की तैयारियाँ पूरी, एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिले में दूसरे चरण के बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं। गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार और पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चुनाव की सारी तैयारियों की जानकारी दी गई।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने बताया कि पूर्णिया जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में कुल 69 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें से केवल एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस लिया है। कसबा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी किशोर कुमार जायसवाल ने नामांकन वापस कर दिया।
उन्होंने आगे बताया कि इस बार भारत निर्वाचन आयोग



की दिशा में सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग चुनाव प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। मतदाता सुविधा के लिए 100% वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। चुनाव पार्टी को डिस्पैच करने और मतगणना केंद्रों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पूर्णिया कॉलेज, पूर्णिया में बनमनखी, धमदाहा, पूर्णिया और रुपौली विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जबकि जिला स्कूल, पूर्णिया में अमौर, बायसी और कसबा विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना होगी।
पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत 138 लोगों पर सीसीए का प्रस्ताव भेजा गया है, जिनमें 84 को जिला और थाना स्तर पर बदर किया गया। 300 से अधिक लाइसेंसी हथियारों को थाना में जमा कराया गया है। इसके अलावा, 16,000 से अधिक लोगों को बॉन्ड कराया गया है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो।
जिला प्रशासन और पुलिस की यह संयुक्त पहल सुनिश्चित करती है कि पूर्णिया जिले में मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न हो।

# मनोज मोदी ने किया छठ व्रतियों के बीच सामग्री वितरण

## हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बने युवा समाजसेवी

**न्यूज स्केल कसबा (पूर्णिया)**

कसबा प्रखंड के गुरही पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर-14 स्थित मोदी फार्म हाउस में बुधवार को समाजसेवी मनोज मोदी द्वारा छठ व्रतियों के बीच छठ पूजा सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष व्रती उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में व्रतियों को केला, नारियल, गेहूं, सूप, साड़ी, सेव सहित अन्य आवश्यक पूजन सामग्री प्रदान की गई। वहीं, इस बार विशेष रूप से पुरुष व्रतियों को नया धोती और सूप भी भेंट स्वरूप दिया गया।
समाजसेवी मनोज मोदी ने बताया कि वे हर वर्ष की तरह इस बार भी छठ व्रतियों को



पूजा का पूरा सामान उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा — "नर सेवा ही नारायण सेवा है, छठ व्रती हमारे समाज की आध्यात्मिक ताकत हैं, उनकी सेवा कर खुद को धन्य महसूस करता हूं।"

**धर्म-सामाजिक सद्भाव का उदाहरण** : मनोज मोदी न केवल छठ पर्व पर व्रतियों को सहयोग करते हैं, बल्कि रमज़ान के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन भी करते हैं। उनके इस कार्य को स्थानीय लोग हिंदू-मुस्लिम एकता की जीवंत मिसाल बताते हैं।

**कार्यक्रम में रही प्रभावशाली उपस्थिति** : सामग्री वितरण के अवसर पर शशिकांत सिंह, कुमारी अन्नुप्रिया, पूनम देवी, पोपली देवी, बेबी देवी, अनोखी देवी, दिलीप कलाकार, अनिल चौरसिया, राजू साह, विजय अग्रवाल, श्यामलाल आर्य, कैलाश उर्फ डैनी, कुलालंद ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जलालगढ़ थाना की बड़ी कार्रवाई : अवैध डीजल एवं असलहे के साथ चार गिरफ्तार



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जलालगढ़ थाना के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में एक स्कॉर्पियो वाहन सहित चार ड्रम में भरा हुआ कुल 140 लीटर डीजल बरामद किया गया। इसके अलावा दो खाली ड्रम, तीन प्लास्टिक का पाइप, एक पेंचकस, दो लोहे की रॉड, एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी पुलिस ने जब्त किया।
इस मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है: शाबिर, उम्र 24 वर्ष, पिता आबिद
मो0 समीर, उम्र 23 वर्ष, पिता मो0 कैय्युम, दोनों वार्ड नं0 01, सा0 हरखेली
मो0 इम्तियाज, उम्र 24 वर्ष, पिता मो0 मुमताज
इंजामुल उर्फ अंजुमन, उम्र 20 वर्ष, पिता काशिम, दोनों वार्ड नं0 02, सा0 फरकिया
सभी गिरफ्तार अभियुक्त थाना डगरुआ, जिला पूर्णिया के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी लगातार जारी है।
इस कार्रवाई से अवैध डीजल तस्करी और हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# काली पूजा पर हुआ महिला फुटबॉल टूर्नामेंट, मुजफ्फरपुर ने जीता खिताब

**न्यूज स्केल, बड़हरा कोठी**

काली पूजा के अवसर पर माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब, भटोत्तर द्वारा माँ श्यामा मैदान में सुरेंद्र नारायण सिंह मेमोरियल माँ श्यामा महिला फुटबॉल ट्रॉफी 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर और पटना की महिला फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया।
रोमांचक फाइनल मुकाबले में मुजफ्फरपुर टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। टीम की जर्सी नंबर 17 खिलाड़ी रूबी कुमारी को शानदार प्रदर्शन के लिए "मैन ऑफ द मैच" चुना गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जितेंद्र नारायण सिंह ने विजेता टीम की कप्तान को ट्रॉफी प्रदान की। वहीं सुखसेना पश्चिम के पूर्व मुखिया ध्रुव कुमार सिंह ने उपविजेता पटना टीम को रनर शील्ड भेंट की।
मुख्य अतिथि जितेंद्र नारायण सिंह ने आयोजन समिति के श्यामल सिंह, मंगल सिंह सहित माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब के सभी सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि, "ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने में अहम भूमिका निभाते हैं।"
उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 1997-98 से प्रतिवर्ष काली पूजा के अवसर पर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

# लक्ष्मीपुर कंचन टोला में महिला की लाश मिलने से सनसनी, पुलिस ने शुरू की जांच

**न्यूज स्केल, बड़हरा कोठी**



रघुवंशनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कंचन टोला स्थित बांसबाड़ी में गुरुवार सुबह एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान लक्ष्मीपुर कंचन टोला वार्ड संख्या 5 निवासी गुड़िया कुमारी, पिता पलटन मंडल के रूप में की गई है।घटना की जानकारी मिलते ही रघुवंशनगर थाना अध्यक्ष शिशुपाल कुमार अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतका के पिता द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर पति नीतीश कुमार सहित आठ लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है।
थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतका 22 अक्टूबर की रात अपने पति नीतीश कुमार और कुछ अन्य लोगों के साथ नाथपुर रंगरा चौक में काली मेला देखने गई थी। इसके बाद से वह घर नहीं लौटी। गुरुवार सुबह उसका शव लक्ष्मीपुर कंचन टोला स्थित बांसबाड़ी में मिला।
पुलिस ने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य एकत्र किए हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की दिशा तय की जाएगी।
थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने यह भी कहा कि "मृतका के परिजनों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।"
फिलहाल पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है और पूरे मामले की जांच रघुवंशनगर थाना प्रभारी की देखरेख में जारी है।

# भागलपुर में शांतिपूर्ण चुनाव के लिए वज्रगृह का निरीक्षण

**न्यूज स्केल भागलपुर**

**EVM संग्रहण, मतगणना और प्रेक्षक बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।**

**वज्रगृह में सीसीटीवी और CAPF के जवान 24 घंटे सुरक्षा में तैनात।**

**सभी संबंधित निर्वाचक अधिकारी और प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।**





बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने भागलपुर में महिला आईटीआई वज्रगृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 152-बिहपुर, 153-गोपालपुर और 157-सुल्तानगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सामान्य प्रेक्षकों के साथ वज्रगृह के सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

**EVM संग्रहण और मतगणना की व्यवस्था** : डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने वज्रगृह में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए कमरों का निरीक्षण करते हुए बताया कि कहां पर पोल्ड EVM रखा जाएगा और मतगणना कहां होगी। साथ ही, निर्वाचक पदाधिकारी और प्रेक्षक के बैठने की व्यवस्था, रिसीविंग सेंटर और वाहनों के लिए पार्किंग स्थल की जानकारी भी उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को दी।

**सुरक्षा और निगरानी प्रबंध** जिलाधिकारी ने कहा कि वज्रगृह में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) के जवान 24 घंटे निगरानी रखेंगे। इस व्यवस्था से न केवल EVM और अन्य चुनावी सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी बनी रहेगी।

**अधिकारियों की उपस्थिति और समन्वय** : इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, नगर आयुक्त शुभम कुमार, सहायक समाहर्ता जतिन कुमार, वज्रगृह कोषांग के नोडल पदाधिकारी देवेंद्र प्रसाद, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, 152-बिहपुर के निर्वाची पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, 153-गोपालपुर के निर्वाची पदाधिकारी ऋतुराज प्रताप सिंह और 157-सुल्तानगंज के निर्वाची पदाधिकारी अपेक्षा मोदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने समन्वय में चुनावी तैयारियों की समीक्षा की और सुनिश्चित किया कि वज्रगृह में हर प्रकार की व्यवस्थाएं चुस्त और प्रभावी ढंग से कार्यरत हों।

## भागलपुर में विधानसभा चुनाव 2025 : वज्रगृह निरीक्षण के दौरान EVM संग्रहण और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

**न्यूज स्केल भागलपुर**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत भागलपुर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने राजकीय पॉलिटेक्निक बरारी स्थित वज्रगृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वज्रगृह में बनाए गए EVM संग्रहण कक्ष, मतगणना कक्ष और पदाधिकारियों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में पीरपैंती, कहलगांव, भागलपुर और नाथनगर के सामान्य प्रेक्षक भी उपस्थित थे। डॉ. चौधरी ने बताया कि वज्रगृह में सीसीटीवी कैमरा और CAPF जवानों की 24 घंटे निगरानी व्यवस्था की गई है। साथ ही वाहन पार्किंग और रिसीविंग सेंटर की व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, वज्रगृह नोडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी EVM सुरक्षित रूप से संग्रहित हों और मतगणना प्रक्रिया निर्बाध और पारदर्शी ढंग से हो।

# अररिया जिले के लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति, मोबाइल नंबर और मिलने का समय जारी

**।फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.)।आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा अररिया जिले के अंतर्गत विभिन्न सामान्य प्रेक्षकों, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, अररिया द्वारा इस संबंध में विस्तृत 'आम सूचना' जारी की गई है।

**विधानसभा क्षेत्रवार प्रेक्षकों की सूची जारी** : जारी सूचना के अनुसार, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त प्रेक्षकों



के नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर, आवंटन स्थल और मिलने का समय निर्धारित कर दिया गया है।

क्र.सं. प्रेक्षक का नाम और पदनाम प्रेक्षक का प्रकार एवं विधानसभा का नाम मोबाइल नंबर आवंटन स्थल मिलने का समय

1. नेहा मर्व्या सिंह (IAS 2011) सामान्य प्रेक्षक 46-नरपतगंज 8539814022, 7004505682 जिला अतिथि गृह, अररिया पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:00 बजे तक।

2. विजय दयाराम के. (IAS 2015) सामान्य प्रेक्षक 47-रानीगंज 7992270759, 8002775400 जिला अतिथि गृह, अररिया पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:00 बजे तक।

3. वी. कलैआरसी (IAS 2005) सामान्य प्रेक्षक 48-फारबिसगंज 8002218302, 8709824258 जिला अतिथि गृह, अररिया पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:00 बजे तक

।4. संजीव सिंह (IAS 2012) सामान्य प्रेक्षक 49-अररिया 7479818321, 8789315671 जिला अतिथि गृह, अररिया पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:00 बजे तक।5

. एस. मलारवीझी (IAS 2009) सामान्य प्रेक्षक 50-जोकीहाट 7903703692, 9065500721 जिला अतिथि गृह, अररिया पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:00 बजे तक।

6. इंद्रमणि त्रिपाठी (IAS 2011) सामान्य प्रेक्षक 51-सिकटी 8210787456, 7484033241 जिला अतिथि गृह, अररिया पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:00 बजे तक।

7. सुरेश कुमार चाडिवे (IPS 2009) पुलिस प्रेक्षक 8789166137, 8002807991 जिला अतिथि गृह, अररिया पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:00 बजे तक।

8. अवेश आनंद (IRS (IT) 2014) व्यय प्रेक्षक 46-नरपतगंज, 47-रानीगंज, 48-फारबिसगंज 7463929061, 7667967273 ज्योति होटल, फारबिसगंज पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:00 बजे तक।

9. दिनेश कुमार जांगिड़ (IRS (C&CE) 2011) व्यय प्रेक्षक 49-अररिया, 50-जोकीहाट, 51-सिकटी 8292654531, 7667959100 वन्दना होटल, अररिया पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:00 बजे तक

**नागरिकों से अपील**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नागरिकों को सूचित किया है कि अररिया विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के परिप्रेक्ष्य में किसी तरह की शिकायत/सुझाव के लिए नियत समय और स्थान पर प्रेक्षकों से मिला जा सकता है। इसके अलावा, दिए गए मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## कटिहार में स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कटिहार,** (मीडिया कोषांग) – जिला निर्वाचन पदाधिकारी के दिशा-निर्देशन में कटिहार प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को मतदान के महत्व और लोकतंत्र में उनकी भूमिका के प्रति सजग करना था।

कार्यक्रम में प्रखंड के प्रमुख बूथों पर सेविकाओं ने मतदाताओं को पंजीकरण, मतदान प्रक्रिया, समय और स्थान की जानकारी दी। प्रवासी मतदाताओं को ऑनलाइन पंजीकरण और वोटिंग सुविधा के बारे में भी जागरूक किया गया। बच्चों और युवाओं के लिए रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर लोकतंत्र की जानकारी दी गई। स्थानीय पंचायत सदस्यों और स्वयंसेवकों ने भी जनता से मतदान में भाग लेने का आह्वान किया।

स्वीप गतिविधियों के माध्यम से कटिहार में सभी योग्य मतदाताओं को चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

## कटिहार में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई, 2 लाख रुपये नकद बरामद



**कटिहार,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक, कटिहार के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निरंतर सघन वाहन जाँच की जा रही है। इसी क्रम में बारसोई थाना क्षेत्र में एसएसटी टीम के द्वारा एक कार से 2,00,000/- रुपये नकद राशि बरामद की गई।

बरामद राशि के संबंध में जब सम्बंधित व्यक्ति से वैध कागजात व प्रमाण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया, तो वे ना तो कोई दस्तावेज दिखा सके और ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दे पाए। तत्पश्चात् बरामद नगद राशि को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया।

पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। कटिहार पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।

## डीआरएम ने की भागलपुर स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा



**भागलपुर,** (हि.स.)। मनीष कुमार गुप्ता मंडल रेल प्रबंधक मालदा ने गुरुवार को भागलपुर रेलवे स्टेशन का दौरा कर चल रहे छठ पर्व के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ के प्रबंधन के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने होल्डिंग एरिया, सीसीटीवी निगरानी कक्ष और नियंत्रण कक्ष सहित विभिन्न सुविधाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और यात्री सुविधा एवं भीड़ प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए रेलवे अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए।

मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने ट्रेनों में और स्टेशन परिसर में यात्रियों से बातचीत की और छठ पूजा के लिए अपने गृहनगर जा रहे यात्रियों से फीडबैक लिया। यात्रियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और त्योहारों की भीड़ के दौरान सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूर्व रेलवेमालदा मंडल के प्रयासों की सराहना की। मालदा मंडल ने इस व्यस्त त्योहारी अवधि के दौरान यात्रियों की परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, भीड़ पर वास्तविक समय में निगरानी रखने और आरपीएफ व जीआरपी के साथ समन्वय सहित कई सक्रिय उपाय लागू किए हैं।

## कसबा में मनाया गया लोक आस्था का अनोखा पर्व — चोरा व्रत

**न्यूज स्केल कसबा (पूर्णिया)**



दीपावली के एक दिन बाद कसबा प्रखंड में मनाया जाने वाला लोक आस्था से जुड़ा पर्व 'चोरा व्रत' इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह अद्भुत परंपरा केवल कसबा क्षेत्र में ही प्रचलित है। माना जाता है कि यह व्रत मनौती पूर्ण होने पर किया जाता है और इसका संबंध सूर्य पूजा से है।

अर्धरात्रि से शुरू होती है व्रत की प्रक्रिया

दीपावली की अर्धरात्रि में व्रतधारी परिवार मिट्टी के चूल्हे पर दूध-चावल का विशेष प्रसाद बनाते हैं। इस भोजन को सभी व्रतधारी सदस्य एक साथ ग्रहण करते हैं। इसके साथ ही चोरा व्रत की शुरुआत होती है।

मुंडन, पीला वेश और कीर्तन यात्रा

अगले दिन सुबह 11 बजे से घर के आंगन में पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद परिवार के सभी पुरुष व्रतधारियों का नाई द्वारा मुंडन किया जाता है। सिर पर पाट के रेशे को पीले रंग में रंगकर बांधा जाता है और शरीर पर चट्टी वाला पीला वस्त्र धारण किया जाता है। व्रतधारियों को हाथ में छड़ी दी जाती है। इन सभी 'चोरों' का नेतृत्व परिवार के 'चोर मामा' करते हैं। इनके साथ एक कीर्तन मंडली भी रहती है, जो घर-घर जाकर कीर्तन करती है।

भिक्षा मांगने की परंपरा और समापन

अगले दिन 'चोर मामा' के नेतृत्व में सभी व्रती अपने सगे-संबंधियों के घर भिक्षा स्वरूप चावल मांगते हैं। जिस घर से भिक्षा मिलती है, वहाँ के लोग चोरों के सिर पर बंधी पाट की रस्सी काटकर उन्हें दे देते हैं। अंत में सभी व्रती नदी या तालाब में स्नान कर व्रत का समापन करते हैं।

## पुलिस ने 114 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार जिला के कोढ़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 114 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर राज कुमार ठाकुर थाना रौतारा जिला कटिहार का निवासी है। कोढ़ा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति शराब की खेप लेकर आ रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष द्वारा अपने पुलिस बल के साथ पहुंचे तो पुलिस बल को देखकर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति भागने लगा, जिसे पुलिस बल ने पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। यह कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## मां काली के प्रतिमा के विसर्जन को लेकर निकाली गई शोभायात्रा



**भागलपुर,** (हि.स.)। भागलपुर में काली मां के प्रतिमा के विसर्जन का सिलसिला गुरुवार को जारी रहा। प्रतिमा का विसर्जन मुसहरी घाट स्थित कृत्रिम तालाब में किया जा रहा है।

काली मां के प्रतिमा के विसर्जन को लेकर शोभायात्रा बीते देर रात धूमधाम से निकाली गई। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान पूरे मार्ग में जय मां काली के जयकारे गूंजते रहे। हर साल की तरह इस बार भी भागलपुर की काली प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा 36 घंटे तक चलने वाली है। जिसमें सैकड़ों मूर्तियां कतारबद्ध होकर निकलीं।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सदर अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार और सिटी डीएसपी अजय चौधरी लगातार शोभायात्रा की मॉनीटरिंग कर रहे थे। रैपिड एक्शन फोर्स और बिहार पुलिस को विभिन्न चौकों पर तैनात किया गया था। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पर नज़र रखने के लिए ड्रोन से भी निगरानी की जा रही थी। जैसे ही परवत्ती मां काली की प्रतिमा स्टेशन चौक पर पहुंची केंद्रीय काली पूजा महारानी समिति की ओर से मां काली की आरती उतारी गई। इस भव्य विसर्जन शोभायात्रा में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे भी मौजूद रहे और श्रद्धालुओं के साथ मां काली का आशीर्वाद लिया।

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान कार्मिकों का द्वितीय रैण्डमाईजेशन संपन्न



**कटिहार,** (हि.स.)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, कटिहार की अध्यक्षता में बिहार विधान सभा निर्वाचन- 2025 के अवसर पर प्रतिनियुक्त होने वाले विभिन्न श्रेणियों के मतदान कार्मिकों का द्वितीय रैण्डमाईजेशन के प्रक्रिया संपन्न हुआ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने द्वितीय रेंडमाइजेशन द्वारा मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त होने वाले कार्मिकों का मतदान दल का गठन करते हुए संबंधित विधानसभा आवंटित किया।

कटिहार जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2542 मतदान केंद्रों (संरक्षित 272) में प्रतिनियुक्ति हेतु महिला एवं पुरूष कुल 12382 कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र इस रेंडमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा अनुमोदित किया गया है।

मतदान केंद्रों में सामान्य मतदान केंद्र-2148 (संरक्षित-218), मिश्रित मतदान केन्द्र-365 (संरक्षित-39), दिव्यांग मतदान केंद्र-7 (संरक्षित-7), युवा मतदान केंद्र-1 (संरक्षित-1) एवं महिला मतदान केंद्र-21 (संरक्षित-7) शामिल हैं।

उक्त द्वितीय रैण्डमाईजेशन प्रक्रिया में सभी प्रेक्षक, पुलिस अधीक्षक, कटिहार के अतिरिक्त सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम ने की बैठक

## डीएम ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि जिन मतदान केंद्रों पर पिछले चुनाव में मतदान 60 प्रतिशत से कम रहा है उन बूथों की पहचान कर सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाएं

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सुपौल जिले में जिला पदाधिकारी-सह-निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्वीप कोषांग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल एवं सहायक नोडल पदाधिकारी, जिला कृषि एवं शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और नगर परिषद/नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में महिला, पुरुष, युवा,





**मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता** : जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं स्वीप कोषांग को निर्देश दिया कि लोकतंत्र में विश्वास एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। विशेष रूप से No Voter Left Behind अभियान पर जोर दिया गया, ताकि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह सके। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि छठ महापर्व (26 से 28 अक्टूबर) के दौरान छठ घाटों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएं।

वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना था।

**प्रचार-प्रसार के साधन और रणनीति** : सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और कार्यपालक अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऑडियो सपोर्ट, रेडियो जिंगल और फ्लेक्स बैनर के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जाए। निर्मली एवं मरौना प्रखंडों में प्रचार-प्रसार की स्थिति संतोषजनक बताई गई, जबकि अन्य प्रखंडों में गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी को पंचायत स्तर पर कृषि चौपाल आयोजित करने और जिला शिक्षा पदाधिकारी को उच्च विद्यालयों में जागरूकता सभाएं आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

**संकल्प पत्र और छात्र सहभागिता** : शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक छात्रों के माध्यम से उनके अभिभावकों को संकल्प पत्र वितरित किए जाएं। प्राप्त संकल्प पत्रों को 3 से 5 नवम्बर के बीच प्रखंड कार्यालय में जमा कराया जाएगा। इसके अलावा, ELC (Electoral Literacy Club) गठन कर छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

**सघन अभियान और मतदान प्रतिशत बढ़ाना** : सभी प्रखंडों में प्रमुख बाजार स्थलों पर बैनर और स्टीकर लगाकर मतदान के प्रति जन-आकर्षण बढ़ाया जाएगा। 1 से 9 नवम्बर तक ऑटो रिक्शा के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। विशेष रूप से सुपौल प्रखंड में सघन प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर बल दिया गया। पिछले चुनावों में 60% से कम मतदान वाले बूथों की पहचान कर वहां सघन जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।

1. **No Voter Left Behind अभियान को प्रभावी ढंग से लागू कर सभी वर्गों की मतदान सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश।**
2. **छठ महापर्व के दौरान छठ घाटों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम और पूजा समितियों के सहयोग से मतदाता जागरूकता संदेश प्रसारित।**
3. **उच्च विद्यालयों में जागरूकता सभाएं और छात्रों के माध्यम से अभिभावकों को संकल्प पत्र भेजने के निर्देश।**
4. **प्रमुख बाजारों और पंचायतों में बैनर, स्टीकर और ऑटो रिक्शा के माध्यम से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश।**

# नाम वापसी के बाद जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में 48 उम्मीदवार मैदान में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने दी जानकारी

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के तहत सुपौल जिले के पांच विधान सभा क्षेत्रों 41 निर्मली, 42 पिपरा, 43 सुपौल, 44 त्रिवेणीगंज (अ.जा.) एवं 45 छातापुर में उम्मीदवार के नाम वापसी के बाद अब कुल 48 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। मालूम हो कि जिले के सभी पांच विधानसभा में कुल 57 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें संविक्षा में आठ उम्मीदवारों का नामांकन अस्वीकृत किया गया, जिसके बाद 23 अक्टूबर को पिपरा विधानसभा से एक उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया है




जिसके बाद पांचो विधानसभा में अब कुल 48 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी साझा किया है। इस मौके पर डीएम सावन कुमार ने कहा कि अब सुपौल जिले के पांच विधानसभा में कुल 48 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। जिसमें निर्मली से 8 उम्मीदवार , पिपरा से 13, सुपौल से 9, त्रिवेणीगंज (अ.जा.) से 5 तथा छातापुर से 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रेक्षकों की उपस्थिति में 23 अक्टूबर को कराया गया।मतदान कार्य मे प्रतिनियुक्त कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय में कराया जाएगा। ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन 29 अक्टूबर को होना निर्धारित है। जिला के 5 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पीडब्लूडी के तहत 242 दिव्यांग मतदाता का होम वोटिंग कराया जाएगा। डीएम ने बताया कि निर्मली विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 303880 है ।जिनमे पुरुष 160474 और महिला 143405 , पिपरा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 304877 है। जिनमे पुरूष वोटर 159204 और महिला 145666 , सुपौल विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 293080 है। पुरुष मतदाता 154621 और महिला वोटर 138459 शामिल है। वही त्रिवेणीगंज (अ जा ) विधानसभा क्षेत्र में कुल वोटर 304140 है। पुरूष वोटर 158399 और महिला मतदाता 145739 है। जबकि छातापुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 333265 है। जिसमे पुरूष 176097और महिला वोटर 157164 है। इसके अलावा सभी क्षेत्रों से कुल 14 अन्य मतदाता शामिल है। 11 नवंबर को मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतगणना 14 नवंबर को बीएसएस कॉलेज में की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस ने सुरक्षा और शांतिपूर्ण मतदान कि तैयारी को लेकर जानकारी दी।

मालूम हो की सुपौल जिले के पांच विधानसभा में दूसरे चरण में चुनाव होना है जिसके तहत मतदान 11 नबम्बर को और मतगणना 14 नवंबर को किया जाएगा।

# 102 अभियुक्त गिरफ्तार, 606 लीटर देसी शराब बरामद



**न्यूज़ स्केल सुपौल**

विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनज़र अपराध नियंत्रण, मद्य निषेध व शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सुपौल पुलिस ने 24 घंटे के अंदर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान कुल 102 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। इनमें से 71 अभियुक्त वारंटी हैं। पुलिस ने अभियान के दौरान 19 अभियुक्तों को शराब कांड, 8 व्यक्ति को हत्या के प्रयास के मामले में तथा 4 को अन्य विशेष कांडों में गिरफ्तार किया।

अभियान में 606 लीटर देसी शराब, 2 देशी कट्टा, शराब भट्टी, 1 जिन्दा कारतूस, 1 कार और 3 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा लगातार अपराध नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को लेकर वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया, जिसमें ₹1,83,000 का जुर्माना वसूला गया।

# हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया भाई-बहन के स्नेह का पावन पर्व भैया दूज

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

दीपावली के बाद मनाया जाने वाला भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक पर्व भाई दूज गुरुवार को श्रद्धा, स्नेह और उल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है।

इस दिन बहनें अपने भाई की आरती उतारकर, तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उनके दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। बदले में भाई भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनके स्नेह



का प्रत्युत्तर देते हैं। मान्यता है कि इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर भोजन करने गए थे, तभी से यह परंपरा चली आ रही है। पंडितों के अनुसार, भाई दूज के दिन स्नान, पूजा और तिलक का अभिजीत मुहूर्त अत्यंत शुभ रहेगा। बहनें इस दिन अपने भाइयों को आमंत्रित कर आदरपूर्वक भोजन कराती हैं और उनके कुशल-क्षेम की प्रार्थना करती हैं।

सामाजिक दृष्टि से भी यह पर्व पारिवारिक एकता और प्रेम का प्रतीक है, जो रिश्तों में अपनापन और आपसी स्नेह को मजबूत करता है। जिले भर में भाई बहनों का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।पर्व को लेकर मिठाई और उपहारों से बाजारों में रौनक रही।

# विधानसभा चुनाव को लेकर पिपरा सीओ एवं थानाध्यक्ष ने फ्लैग मार्च निकाल कर किया भ्रमण

**न्यूज़ स्केल पिपरा**

विधानसभा 2025 चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से गुरुवार की शाम पिपरा सीओ उमा कुमारी और थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में फ्लैग मार्च निकाला गया सीएपीएफ जवानों एवं पिपरा थाना पुलिस के संयुक्त टीम के साथ फ्लैग मार्च नगर पंचायत पिपरा, पिपरा बाजार, रामपुर ,श्याम नगर ,महेशपुर, थूमहा ,सहित विभिन्न क्षेत्रों में निकाला





गया . फ्लैग मार्च के दौरान थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने ग्रामीणों से शांति एवं आपसी सुहागपूर्ण बनाए रखने की अपील की. इस अवसर पर पिपरा सीओ उमा कुमारी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है जिसे भयमुक्त माहौल में संपन्न करना प्रशासन की प्राथमिकता है कहा कि अफवाह या अनुचित गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा के सभी मतदाताओं को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए . इस दौरान लोगों में सुरक्षा का भरोसा नजर आया वहीं इस दौरान स्थानीय लोग प्रशासनिक सक्रियता के सराहना करते देखे गए इस दौरान बड़ी संख्या में पिपरा पुलिस बल एवं सीएपीएफ के जवानों की मौजूदगी देखी गई।

# व्यय अनुश्रवण कोषांग के तहत कार्य शुरू, गठित टीम ने किया निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

विधानसभा आम निर्वाचन चुनाव 2025 के सफल, स्वच्छ, एवं शांतिपूर्ण संचालन को देखते हुए राजनीतिक पार्टी , अभ्यर्थियों द्वारा धन-बल के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने तथा निर्वाचन अभियान के दौरान उनके द्वारा किये जा रहे व्यय का अनुश्रवण करने हेतु मारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेष Compendiun of Instruction on Election Expenditure Monitering के भाग "B" के कंडिका 01 से 9 तक में वर्णित अनुदेषों के आलोक में जिला व्यय अनुश्रवण कोषांग (District Expenditure Monitering Cell) का गठन किया जाता है। इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी संजय कुमार राज्य कर संयुक्त आयुक्त मोबाईल नं- 8544401277) हैं। सरल एवं सुगमतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों का गठन किया गया जो निम्नवत् है :-

(1) Assistant Expenditure Observer-05
(2) Accounting Team-05
(3) FST-15
(4) SST-16X3-48
(5) VST-12
(6) VVT-05
(7) Call Centre-01

(i) कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों को प्रषिक्षण दिया जा चुका है।
(ii) FST एवं SST को C-Vigil तथा ESMS Onboard किया जा चुका है।

23 अक्टूबर को सुपौल जिला अन्तर्गत Expenditure Monitoring Cell के तहत गठित विभिन्न टीमों के कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का दो मामला दर्ज

**न्यूज़ स्केल सुपौल**




बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के अवसर पर प्रभावी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन दृढ़ता से सुनिश्चित करते हुए सुपौल, निर्मली, वीरपुर एवं त्रिवेणीगंज अनुमंडल के सभी पांच विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवस्थित सार्वजनिक सम्पत्ति यथा रेलवे, बस स्टेंड, सड़क, बिजली पोल, सरकारी सम्पत्ति-सरकारी कार्यालय, भवनों एवं निजी भवनों पर से विभिन्न राजनैतिक दलों का चुनाव प्रचार से संबंधित दिवाल लेखन, पोस्टर, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री को हटाया/नष्ट किया गया। जिलान्तर्गत 22 अक्टूबर तक विभिन्न राजनैतिक दलों से संबंधित दिवाल लेखन से संबंधित 55, पोस्टर से संबंधित 577, बैनर से संबंधित 275 एवं अन्य से संबंधित 33 चुनाव प्रचार सामाग्री हटा कर नष्ट किया गया। इसके साथ ही अब तक कुल 2 आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करायी जा चुकी है।

# सड़क दुर्घटना में ई रिक्शा चालक जखमी

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**



थाना क्षेत्र के नपं सिमराही अंतर्गत एनएच 27 पर गांधीनगर मस्जिद के समीप गुरुवार की दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात कंटेनर ने पीछे से ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल चालक को खून से लथपथ अवस्था में राघोपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र गुप्ता ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी देते डॉक्टर ने बताया कि घायल को सिर में गंभीर चोट लगी है। घायल ई-रिक्शा चालक की पहचान नगर पंचायत सिमराही वार्ड 1 धर्मपट्टी निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद अलाउदीन के रूप में की गई। घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन समेत फरार होने में सफल रहा।

# चनपटिया विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

## निर्वाची पदाधिकारी ने दिए मतदाता पर्ची वितरण और मतदान केंद्र सुरक्षा से जुड़े अहम निर्देश

**न्यूज स्केल पश्चिम चंपारण, बेतिया**





चनपटिया विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाची पदाधिकारी (07) एवं सह-उप विकास आयुक्त श्री सुमित कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की समीक्षा करना और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करना था। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षित और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करना प्राथमिकता हो।

**. मतदाता पर्ची वितरण और हेल्पडेस्क** : निर्वाची पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि 30 अक्टूबर 2025 तक सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, प्रत्येक बूथ पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। सभी बूथों पर हेल्पडेस्क स्थापित किया जाएगा, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और जीविका दीदियों की प्रतिनियुक्ति रहेगी। ये हेल्पडेस्क मतदाताओं की पहचान करेंगे और उन्हें मतदान के समय आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

**दिव्यांग मतदाता और वाहन व्यवस्था** : बैठक में नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री परिवहन योजना की गाड़ियों का उपयोग कर दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को बूथ तक लाने-ले जाने की सुविधा सुनिश्चित की जाए। वाहन कोषांग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि 05 नवंबर 2025 से वाहन की जब्ती शुरू करें और 08 नवंबर 2025 तक सभी वाहनों को डिस्पैच सेंटर पर पहुंचाएं। यह व्यवस्था मतदान के दिन सुगमता और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

**बूथ सुरक्षा और मतदान केंद्र व्यवस्थाएं** : सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर किसी भी राजनीतिक पार्टी का कार्यालय नहीं होगा। इसके अलावा, मतदान केंद्र पर प्रभावी लाइटिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ताकि मतदाता सुरक्षित और सहज वातावरण में मतदान कर सकें। बैठक में निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण श्री अरुण प्रकाश, सहायक निर्वाची पदाधिकारी श्री पुरषोत्तम त्रिवेदी, सभी सेक्टर पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दिए गए निर्देशों का उद्देश्य सभी मतदाताओं को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करना है।

## "दीपक जीविका महिला संकुल में रंगोली और शपथ के साथ मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित"

**न्यूज स्केल मोतीहारी**



दीपक जीविका महिला संकुल के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, मतदाता शपथ और जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में चुनावी जागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। आयोजकों ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे आगामी 11 नवंबर को होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में अवश्य अपने मत का प्रयोग करें। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हुए और उन्होंने शपथ लेकर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से भी मतदान और लोकतंत्र के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यह संदेश दिया कि प्रत्येक मतदाता का वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

# बिहार के समस्तीपुर में पीएम मोदी की जनसभा को लेकर तैयारी पूर्ण , एसपीजी ने संभाली कमान

**समस्तीपुर,** (हि.स.)।

1. **सुरक्षा के लिए एसपीजी, केंद्रीय अर्धसैनिक बल और चार दर्जन वरिष्ठ अधिकारी तैनात।**

2. **कर्पूरीग्राम में कर्पूरी ठाकुर की झोपड़ी का दौरा और श्रद्धांजलि अर्पित।**





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 24 अक्टूबर को समस्तीपुर आगमन को लेकर प्रशासन और राजग गठबंधन के कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हैं। दुधपुरा हवाई अड्डा मैदान में प्रस्तावित जनसभा बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कार्यक्रम मानी जा रही है। प्रशासनिक अमला और सुरक्षा एजेंसियां सभा स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा को कई परतों में विभाजित कर चुकी हैं। **सुरक्षा इंतजाम और हेलिपैड व्यवस्था** : प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने जिले के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर व्यापक व्यवस्था की है। दुधपुरा मैदान और आसपास के क्षेत्रों की घेराबंदी कर चार दर्जन वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। तीन अस्थायी हेलिपैड बनाए गए हैं, जिनमें से एक पर प्रधानमंत्री का हेलिकॉप्टर उतरेगा और बाकी दो एसपीजी तथा अन्य सुरक्षा बलों के विमानों के लिए आरक्षित हैं। **कार्यक्रम स्थल और कर्पूरीग्राम दौरा** : प्रधानमंत्री सबसे पहले कर्पूरीग्राम में जननायक कर्पूरी ठाकुर की झोपड़ी का अवलोकन करेंगे और स्मृति भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे सड़क मार्ग या हेलिकॉप्टर द्वारा दुधपुरा सभा स्थल पहुंचेंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

**भीड़ प्रबंधन और राजग कार्यकर्ताओं की भागीदारी** : समस्तीपुर के अलावा दरभंगा, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय और खगड़िया जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भाजपा, जदयू और सहयोगी दलों के कार्यकर्ता सभा स्थल को सजाने और अधिकतम लोगों को उपस्थित कराने में जुटे हैं। प्रशासनिक अधिकारी सुरक्षा, यातायात और मंच व्यवस्था की अंतिम समीक्षा में व्यस्त हैं, ताकि प्रधानमंत्री की सभा शांतिपूर्ण और सफल हो सके।

# नालंदा जिले के इस्लामपुर विधानसभा में चलाया गया डोर टू डोर कैम्पेन

**नालंदा, बिहारशरीफ**



(हि.स.) चुनाव आयोग के जिला स्वीप आइकॉन डा. आशुतोष कुमार मानव ने गुरुवार को इस्लामपुर विधान सभा क्षेत्र के रक्सा गाँव में घर घर दस्तक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पुरुष और महिला मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया। वैसे मतदान केंद्रों पर जहां पिछली बार कम वोट पड़े थे वहाँ के मतदाताओं एवं अन्य ग्रामीणों से मिलकर विचार विमर्श किए। इस दौरान डा मानव ने आगामी छः नवम्बर के दिन चुनाव पर्व में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेने की अपील सभी मतदाताओं से की।ग्रामीणों के दरवाजे खटखटाते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले विधान सभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए अभी से लोग मन बना लें और सभी परिजनों व पड़ोसियों को भी जागरुक करें। उन्होंने.कहा कि एक एक वोट क्रीमती है आपका . सभी लोग मतदान के दिन बूथ पर जाइए और ईवीएम पर बटन दबाइए। अपने आस पास के लोगों को भी सजग कीजिए ताकि वोट प्रतिशत बढ़ सके। फिर भी अगर मतदाताओं को कोई भी जानकारी लेनी हो तो टोल फ्री नंबर 1950 पर निःशुल्क संपर्क किया जा सकता है।उन्होंने वोटरों से अपील किया है कि धर्म , जाति , लोभ लालच से ऊपर उठकर वोट करें और अपने वोट की चोट से मन पसंद की सरकार बनाएँ तभी देश का लोक तंत्र मजबूत होगा।इस दौरान ग्रामीण पुरुष एवं महिला वोटरों ने आगामी छः नवम्बर को मतदान करने का संकल्प लिया है।

# निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**नालंदा, बिहारशरीफ**



(हि.स.) बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के तहत निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस चरण में कुल 4240 पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें विशेष रूप से इवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, मॉक पोल, क्लोजिंग प्रक्रिया, कार्डटिंग की तैयारी तथा रिपोर्टिंग फॉर्म भरने की विधि पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर कर्मियों को बताया गया कि मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर ईवीएम की क्लीनिंग, सेटअप, मॉक पोल, क्लोज वोट, सीयु एवं वीवीपैट की सीलिंग आदि कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करना अनिवार्य है।साथ ही फॉर्म 17C के रख-रखाव एवं मतगणना की तैयारी संबंधी दिशा-निर्देशों पर भी विशेष बल दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों को गहराई से समझा और मॉक पोल के माध्यम से व्यावहारिक अभ्यास किया। बताया जाता है कि यह प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

# अस्थावां विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी ने मतदाताओं से मांगा समर्थन



**नालंदा,** (हि.स.)।नालंदा जिले के अस्थावां विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी शबनम लता ने अपने चुनावी प्रचार को गति दी है। नामांकन के बाद उन्होंने महमदपुर, शेरपुर, राजमा, मालती, कटराही, रसलपुर, बेलदारी समेत कई गांवों में व्यापक जनसंपर्क किया और लोगों से समर्थन की अपील की। जनसेवा और योजनाएँ: शबनम लता ने कहा कि वे पिछले पांच वर्षों से क्षेत्र की जनता की सेवा में लगी हैं। उनके पिता करीब 20 साल पहले अस्थावां से विधायक रह चुके हैं और उनके कार्य आज भी लोगों के बीच याद किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य विधानसभा को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है। वर्तमान विधायक पर तंज: उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में अस्थावां में कोई ठोस विकास नहीं हुआ। नेता केवल चुनाव के समय जनता के पास आते हैं। शबनम लता ने दावा किया कि इस बार जनता बदलाव के मूड में है और उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है।

# एक साल में नहीं मिला अग्नि पीड़ितों को सहायता राशि



**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। जिले के कोटवा अंचल क्षेत्र में इस वर्ष अब तक किसी भी अग्नि पीड़ित को सरकारी सहायता राशि नहीं मिली है। पोखरा, जसौली, बथना (महम्मदा), जगिरहा, भोपतपुर दक्षिणी और करारिया पंचायत के छह परिवारों ने अपनी जांच रिपोर्ट अंचल कार्यालय को सौंप दी है, लेकिन भुगतान अब तक नहीं हुआ। पीड़ित परिवारों ने बताया कि आग में उनके घर और सामान जलकर राख हो गए, लाखों का नुकसान हुआ, लेकिन सरकारी मदद नहीं मिली। सरकारी नियम के अनुसार, प्रत्येक अग्नि पीड़ित को 12 हजार रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें 7 हजार नगद और 5 हजार वस्त्रादि के लिए निर्धारित हैं। कोटवा अंचलाधिकारी मोनिका आनंद ने कहा कि "कुछ लोगों को सहायता राशि दी जा चुकी है।" प्रशासन की उदासीनता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल




**पूर्वी चंपारण**(हि.स.) पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल-मोतिहारी मुख्य मार्ग पर स्थित गम्हरिया के भारत पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में रक्सौल प्रखंड के धनगढ़वा कौड़ीहार पंचायत के भगवानपुर निवासी पप्पू यादव के पुत्र सत्यम यादव की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे ने इलाके में मातम का माहौल पैदा कर दिया। **पुलिस कार्रवाई और पोस्टमार्टम** : घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया। मृतक सत्यम यादव के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने सड़क हादसों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**घायल युवकों की गंभीर हालत** : सत्यम यादव के साथ बाइक पर सवार शिवम कुमार और उज्जवल कुमार गंभीर रूप से घायल हुए। दूसरी बाइक पर सवार नवका टोला वार्ड नंबर 5 निवासी मनीर अंसारी के पुत्र मनौअर अंसारी भी गंभीर रूप से घायल हैं। घायल शिवम ने बताया कि वे मोतिहारी स्थित अपने मामा के घर से वापस भगवानपुर लौट रहे थे। डॉक्टरों ने सभी घायलों की स्थिति को चिंताजनक बताया और उन्हें स्थानीय एसआरपी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# 16 वर्षीय किशोर नदी में डूबा ,4 घंटे से लापता, परिजन परेशान



**नवादा,** (हि.स.)नवादा जिले के नारदीगंज थाने के चोरमा गांव के विपिन साव के 15 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार गुरुवार को पंचाने नदी में स्नान करने गया था प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह गहरे पानी में जाने से डूब गया। 4 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी प्रिंस बरामद नहीं किया जा सका। प्रिंस के रिश्तेदार अभिषेक ने बताया कि वह 12:00 बजे स्नान करने गया था लेकिन यह काफी देर घर नहीं लौटा तो परिवार के लोग नदी के पास गए ।वहां पहले से रह रहे लोगों ने बताया कि वह लड़का नदी में स्नान कर रहा था लेकिन अचानक लापता हो गया ।बताया जाता है कि बालू की गहराई में जाकर अवैध तरीके से खनन किए जाने के कारण नदी में हुए गहरे गड्ढे में जमा पानी में वह डूब गया ।घटना की सूचना पुलिस को दी गई है लेकिन अब तक डूबे हुए बालक जिंदा या मुर्दा बरामद नहीं किया जा सका है।मृतक के परिजनों ने बताया कि पुलिस काफी शिथिलता बरत रही है। घटना के चार घंटे बाद भी एनडीआरएफ की टीम नहीं पहुंची है, जिससे डूबे हुए प्रिंस को ढूंढना मुश्किल हो रहा है। इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है ।परिजन काफी शोक में डूबे हुए हैं। खोजी दल को नहीं बुलाया जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।




# बाबा केदार अपने धाम से विदा, शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर में विराजमान होंगे

**रुद्रप्रयाग,** (हि.स.)। पौराणिक रीति-रिवाजों और धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ भैयादूज के पावन पर्व पर सुबह 08:30 बजे सेना के बैंड की भक्ति धुन और जयकारों के बीच भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योर्तिलिंगों में एक केदारनाथ धाम से बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली ने शीतकाल के लिए अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान किया।
इस मौके पर 10 हजार से अधिक शिवभक्तों ने अपने आराध्य के दर्शन किए। डोली रात्रि प्रवास के लिए अपने पहले पड़ाव रामपुर पहुंचेगी। बाबा केदार की डोली शीतकालीन पूजा-अर्चना के लिए 25 अक्तूबर को पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान हो जाएगी। इसके बाद अगले छह माह तक शिवभक्त अपने आराध्य की पूजा-अर्चना और दर्शन यहीं पर कर सकेंगे।
गुरुवार को केदारनाथ धाम में सुबह 4 बजे से मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। मुख्य पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ की समाधि पूजा-अर्चना करते हुए अन्य परंपराओं का निर्वहन किया। इस मौके पर बाबा केदार के स्वयंभू लिंग का पुष्प-अक्षत और भस्म से श्रृंगार कर समाधि रूप दिया गया। साथ ही भोग लगाया गया। मुख्य पुजारी ने अन्य परंपराओं को निभाते हुए बाबा केदार की पूजा की।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप भव्य केदार पुरी का निर्माण हुआ और चारधाम यात्रा में इस वर्ष रिकार्ड 50 लाख श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने कहा कि धामों के कपाट बंद के बाद शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित किया जायेगा।बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि केदारनाथ धाम में कपाट बंद होने तक 17,68795 तीर्थयात्रियों ने भगवान केदारनाथ के दर्शन किये। शीतकालीन यात्रा के लिए भी यात्रियों को प्रोत्साहित किया जायेगा और शीतकाल में केदारनाथ धाम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।
बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की पंचमुखी देव डोली अपने धाम से प्रस्थान करते हुए रात्रि प्रवास के लिए प्रथम पड़ाव रामपुर पहुंच गई है। शुक्रवार को डोली रामपुर से रात्रि विश्राम के लिए विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी और शनिवार 25 अक्टूबर को भगवान केदारनाथ जी की पंच मुखी डोली गुप्तकाशी से शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में छह माह की शीतकालीन पूजा-अर्चना के लिए विराजमान हो जाएगी।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली,** (हि.स.) घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना रहा। 30 सितंबर 2024 के बाद पहली बार सेंसेक्स 85,000 अंक और निफ्टी 26,000 अंक के पार खुले। बाजार खुलते ही थोड़ी देर मुनाफा वसूली के कारण बिकवाली का दबाव आया, लेकिन जल्दी ही खरीदारों ने जोरदार लिवाली की, जिससे सूचकांकों में



तेजी दर्ज हुई।
पहले 1 घंटे के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत बढ़कर 85,251.62 अंक और निफ्टी 0.87 प्रतिशत बढ़कर 26,094.85 अंक पर कारोबार कर रहे थे। इस दौरान इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और श्रीराम फाइनेंस जैसे प्रमुख शेयर 1.89 से 3.91 प्रतिशत तक मजबूत रहे। वहीं, इंटरग्लोब एवियेशन, एटरनल, आयशर मोटर्स, सिप्ला और डॉ रेड्डीज़ के शेयर 0.68 से 1.03 प्रतिशत तक कमजोर दिखे।
कुल 2,230 शेयरों में 1,302 हरे और 928 लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 28 और निफ्टी के 50 शेयरों में 42 शेयर हरे निशान में रहे। दिवाली की मुहूर्त ट्रेडिंग में सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत और निफ्टी 0.10 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## भाई दूज के दिन 6 हजार रुपये तक सस्ती हुई चांदी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट का सिलसिला जारी है। भाई दूज के दिन भी चांदी के भाव में 4,000 से 6,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली में चांदी अब 1,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, जयपुर, सूरत और पुणे में यह 1,59,000



रुपये प्रति किलोग्राम पर बनी हुई है, जबकि बेंगलुरु में 1,60,000 रुपये और पटना व भुवनेश्वर में 1,59,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार हो रही है। चेन्नई और हैदराबाद में चांदी की सबसे अधिक कीमत 1,74,000 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई।
वैश्विक बाजार में हाजिर चांदी 0.20 प्रतिशत गिरकर 48.43 डॉलर प्रति औंस पर आ गई है। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के अनुसार लंदन के सिल्वर मार्केट में सप्लाई बढ़ने से उपलब्धता का संकट खत्म हो गया है। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में मुनाफा वसूली के चलते चांदी की कीमत में गिरावट का रुख बना हुआ है।

## सुबह गुनगुने पानी में घी मिलाकर पीने के फायदे

सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में एक चम्मच घी मिलाकर पीना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह मेटाबॉलिज्म को तेज़ करता है, पाचन सुधारता है और वजन घटाने में मदद कर सकता है। घी में मौजूद ब्यूटिरिक एसिड पेट की सूजन और गैस को कम करता है, जिससे पेट भरा हुआ महसूस होता है। साथ ही यह पाचन तंत्र को मजबूत कर टॉक्सिन बाहर निकालता है। घी त्वचा को कोमल और चमकदार बनाता



है, हड्डियों को मजबूत करता है और जोड़ों के दर्द को कम करता है। आयुर्वेद के अनुसार, घी याददाश्त और मानसिक सतर्कता भी बढ़ाता है।

## हाथ-पैर में कमजोरी और झुनझुनी : गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है

अगर हाथ-पैर में कमजोरी और झुनझुनी का एहसास हो रहा है, तो इसे हल्के में लेना सही नहीं है। ये शरीर के लिए चेतावनी का संकेत हो सकता है। सबसे आम कारणों में डायबिटीज शामिल है, जो शुरुआती अवस्था में नसों को



प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा, विटामिन बी12 की कमी भी ऐसी समस्या पैदा कर सकती है।
हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, नसों से जुड़ी समस्याएं जैसे साइटिका या सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस भी हाथ-पैर में कमजोरी और झुनझुनी का कारण बन सकती हैं। इसके अलावा, किडनी की समस्या या ब्लड सर्कुलेशन में गड़बड़ी भी इस लक्षण को बढ़ा सकती है।
अगर आपको लगातार ये लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो तुरंत किसी अच्छे डॉक्टर से अपनी जांच कराना जरूरी है। समय पर इलाज न कराने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए हाथ और पैर में कमजोरी या झुनझुनी महसूस होने पर इसे नजरअंदाज न करें और स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह अवश्य लें।

## राशिफल : 24 अक्टूबर, 2025

मेष : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्क्षचता रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

मिथुन : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

कर्क : रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

सिंहः समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

तुलाः निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

धनु : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, ड्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

मकर : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

कुम्भ : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

मीन :प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

## पंचांग : 24 अक्टूबर, 2025

24 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य तुला में
चंद्र वृश्चिक में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु कर्क में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
वृश्चिक 07.50 ब.से
धनु 10.06 बजे से
कर 12.11 बजे से
कुंभ 13.58 बजे से
मीन 15.30 बजे से
मेष 17.01 बजे से
वृष 18.41 बजे से
मिथुन 20.39 बजे से
कर्क 22.53 बजे से
सिंह 01.09 बजे से
कन्या 03.21 बजे से
तुला 05.31 बजे से
शुक्रवार 2025 वर्ष का 297 वा दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक पक्ष शुक्ल
तिथि तृतीया 01.20 बजे रात्र को समाप्त।
नक्षत्र अनुराधा अहोरात्र।
योग सौभाग्य 05.55 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 12.04 बजे तदनन्तर गर 01.20 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 02.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 110 46’
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872507
जूलियन दिन 2460972.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जमादि उल्लावल
तारीख 01



# केंद्रीय मंत्री शाह ने गांधीनगर में नवनिर्मित सदस्य निवास संकुल का किया लोकार्पण

**गांधीनगर,** (हि.स.)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भाई दूज के पावन अवसर पर गांधीनगर में गुजरात विधानसभा के सदस्यों के लिए बनाए गए नवनिर्मित सदस्य निवास संकुल का लोकार्पण किया। राज्य सूचना विभाग के अनुसार, इस संकुल का निर्माण राज्य सरकार के सड़क एवं भवन विभाग द्वारा सेक्टर 17 में 28,576 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया गया है। प्रत्येक आवास में 238.45 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 3 बेडरूम, लिविंग रूम, किचन, ऑफिस रूम और सर्वेंट रूम जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। कुल 325 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से तैयार इस संकुल में विशाल गार्डन, 300 व्यक्तियों की क्षमता वाला मल्टीपर्पज हॉल, कम्युनिटी हॉल, स्विमिंग पूल, जिम्नेजियम, कैंटीन, इनडोर खेल उपकरण, डिस्पेंसरी और प्रोविजन स्टोर जैसी सुविधाएं शामिल हैं। संपूर्ण परिसर में प्रत्येक यूनिट के लिए 2 पार्किंग स्पॉट (एक बेसमेंट और एक ग्राउंड फ्लोर पर) उपलब्ध हैं। इसके अलावा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा और 6009 नए पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी साकार किया गया है।

भविष्य की आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, संकुल के 12 ब्लॉकों में से 10 ब्लॉकों के 180 आवास फिक्स और लूज फर्नीचर के साथ, जबकि शेष 2 ब्लॉकों के 36 आवास केवल फिक्स फर्नीचर के साथ तैयार किए गए हैं। प्रत्येक 3 बीएचके आवास में वेटिंग रूम, ऑफिस रूम, सर्वेंट रूम, किचन, डाइनिंग रूम, बालकनी सहित लिविंग रूम, ड्रेसिंग रूम और 2 टॉयलेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकार्पण के बाद आवासों का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी, उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी, विधानसभा उपाध्यक्ष जेठाभाई आहिर, गांधीनगर की महापौर मीराबेन पटेल, स्थानीय विधायक, भाजपा और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

वर्तमान संकुल आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है और यह गुजरात विधानसभा सदस्यों के लिए एक सुविधाजनक, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल आवासीय विकल्प प्रस्तुत करता है।

## सोनम वांगचुक की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, पुलिस और आईबी उनका पीछा कर रही है

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर दावा किया है कि राजस्थान पुलिस और आईबी ने उनका पीछा किया और दिल्ली में भी उन पर नजर रखी गई। गीतांजलि ने कहा कि जब वे 7 और 11 अक्टूबर को जोधपुर जेल में अपने पति से मिलने गईं, तो एयरपोर्ट पर ही उन्हें पुलिस वाहन में बैठाया गया और हर यात्रा से पहले यात्रा का विवरण अधिकारियों के साथ साझा करना पड़ा। उनके अनुसार, जब वे पति से मिल रही थीं, तब डीसीपी मंगलेश और एक महिला कांस्टेबल उनकी बातचीत सुनकर नोट कर रहे थे। हलफनामे में यह भी कहा गया कि जोधपुर में किसी से मिलने



की अनुमति नहीं दी गई, जो संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है। केंद्र सरकार ने 15 अक्टूबर को बताया था कि सोनम वांगचुक को गिरफ्तारी की वजह बता दी गई है। वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि नोट्स साझा नहीं किए जा रहे थे, जिसे कोर्ट ने पत्नी के साथ साझा करने का आदेश दिया। सोनम वांगचुक 26 सितंबर को गिरफ्तार हुए थे। वे लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे, जिसमें हिंसा के दौरान 4 लोगों की मौत हुई। गीतांजलि ने उनके रिहाई और स्वास्थ्य की जानकारी की मांग की है।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 600 से अधिक बीएलओ को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

**कोलकाता,** (हि.स.)। चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए कार्य करने से इनकार करने और प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल न होने के कारण राज्यभर के 600 से अधिक बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। चुनाव आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अप्रैल से बूथ स्तर अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई थी लेकिन 17 अक्टूबर तक कई अधिकारी अपने कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं हुए, जिसके चलते निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी (ईआरओ) ने




नोटिस भेजा है।

सूत्रों के अनुसार, इन अधिकारियों को यह बताने का निर्देश दिया गया है कि वे आयोग का कार्य करने से क्यों इनकार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बंगाल में शीघ्र ही एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसके लिए तैयारियां जारी हैं। बीएलओ ही वे अधिकारी होते हैं जो मतदाता सूची में संशोधन के दौरान घर-घर जाकर सूचनाएं एकत्र करते हैं। ऐसे में 600 से अधिक बीएलओ को नोटिस भेजा जाना प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

आयोग के अधिकारी ने बताया कि यदि इन अधिकारियों के उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए, तो 1950 के जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, “वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर माहौल बना रहे हैं लेकिन जनता इसका जवाब देगी।”

गौरतलब है कि कई बीएलओ ने पहले ही अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने आयोग को सूचित किया था कि यदि सभी शिक्षक, जिन्हें बीएलओ का कार्य सौंपा गया है, इस काम में लग जाएंगे तो स्कूलों में पढ़ाई बाधित हो जाएगी। कई स्कूलों में एक ही शिक्षक या किसी विशेष विषय के एकमात्र शिक्षक को भी यह जिम्मेदारी दी गई है, जिसके कारण शिक्षण कार्य पर असर पड़ना तय है। इसी वजह से अनेक शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो पाए।

## असम के कोकराझार में रेलवे ट्रैक पर बम विस्फोट

**कोकराझार** (असम), (हि.स.)। कोकराझार जिला शहर के पास रेलवे ट्रैक पर बम विस्फोट से काफी नुकसान हुआ है। यह विस्फोट अलीपुरद्वार डिवीजन पूर्वोत्तर सीमांत, रेलवे (पूसीरे) के क्षेत्र में हुआ है।

पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने आधिकारिक बयान में कहा कि आधीरात बाद करीब 1.00 बजे एक मालगाड़ी आप आजरा शुगर सलाकाटी और कोकराझार के बीच से गुजर रही थी। तभी ट्रेन मैनेजर ने जोरदार झटके की सूचना दी। इसके बाद ट्रेन रोक दी गई। जांच करने पर पता चला कि संदिग्ध बम ब्लास्ट की वजह से ट्रैक और स्लीपर को



नुकसान हुआ है। राज्य पुलिस, आरपीएफ और इंटेलिजेंस के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

बयान में कहा गया कि सुबह 5.25 बजे ट्रैक ठीक कर दिया गया और यातायात सामान्य रूप से चल रहा है। इस घटना की वजह से करीब आठ ट्रेनें रुकी रहीं। सेक्शन में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। बम विस्फोट के पीछे किसका हाथ है, इसका पता नहीं चल सका है।

## अम्हर्स्ट स्ट्रीट की प्रिंटिंग प्रेस में भीषण आग, मौके पर दमकल की चार गाड़ियां

**।कोलकाता,** (हि.स.)। कोलकाता के अम्हर्स्ट स्ट्रीट इलाके में स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस में गुरुवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग आठ बजे अम्हर्स्ट स्ट्रीट के मकान संख्या 106/3 में स्थित दो मंजिला प्रिंटिंग प्रेस से धुआं निकलता देखा गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। खबर मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया।

दमकलकर्मियों ने साक्शन मशीन लगाकर अंदर जमा



धुआं बाहर निकालने का प्रयास किया। हालांकि क्षेत्र घनी आबादी वाला होने के कारण आग तेजी से फैल गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान आसपास की कई दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं और कुछ सामान जलकर नष्ट हो गया। अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही आस-पास के मकानों से लोग बाहर निकल आए। दमकलकर्मी सीढ़ियों की मदद से इमारत के अंदर प्रवेश कर आग के स्त्रोत तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रेस के भीतर ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल गई।फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। दमकल विभाग ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र मामले में मुख्य आरोपित पार्थ साहा का सहयोगी गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी,** (हि. स.)। फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र मामले में मुख्य आरोपित पार्थ साहा के सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार देर रात डेटा एंट्री ऑपरेटर नवजीत गुहा नियोगी को खोरीबाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया। गुरुवार को आरोपित को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। जहां सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने आरोपित चार दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

दरअसल, खोरीबाड़ी ग्रामीण अस्पताल में फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का आरोप डेटा एंट्री ऑपरेटर पार्थ साहा लगा था। जिसके बाद ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी ने



18 अक्टूबर को खोरीबाड़ी पुलिस थाने में डेटा एंट्री ऑपरेटर पार्थ साहा के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करा दिया। आरोपित पर 450 जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का आरोप है। आरोपित पर प्रत्येक प्रमाण पत्र के लिए 10 हजार रुपया लेने का आरोप है। इस मामले में मुख्य आरोपित पार्थ साहा के सहयोगी नवजीत गुहा नियोगी का नाम सामने आया। जिसके बाद नक्सलबाड़ी बीडीओ कार्यालय के बांग्ला सहायता केंद्र के डेटा एंट्री ऑपरेटर मंजीत गुहा नियोगी को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि आरोपित ने उस पर लगे आरोप को निराधार बताया है। वहीं, मुख्य आरोपित पार्थ साहा अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

## दिल्ली के रोहिणी में मुठभेड़, बिहार के चार वांछित बदमाश ढेर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दिल्ली के रोहिणी में दिल्ली पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात बिहार के चार बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। यह मुठभेड़ रोहिणी के बहादुर शाह मार्ग पर डॉ.अंबेडकर चौक से लेकर पंसाली चौक तक चला।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) सुरेंद्र कुमार के मुताबिक चारों बदमाशों की पहचान रंजन पाठक (25) निवासी मलहई थाना सुरसंड जिला सीतामढ़ बिहार, विमलेश महतो उर्फ विमलेश साहनी (25) निवासी रतनपुर थाना बजपट्टी जिला सीतामढ़ी, मनीष पाठक (33) निवासी मलहई थाना सुरसंड जिला सीतामढ़ी और अमन ठाकुर (21) निवासी शेरपुर करावल नगर दिल्ली के रूप में हुई है। बदमाशों ने पिछले तीन महीनों में बिहार के सीतामढ़ी इलाके में पांच बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। ये बदमाश गोलाबारी करके दिनदहाड़े लोगों की हत्या और सुपारी लेकर हत्या करते थे।

रंजन पाठक हत्या, रंगदारी और लूट जैसे कई गंभीर मामलों में आरोपित था और सिग्मा एंड कंपनी के नाम से गैंग चलाता था। बिहार के सीतामढ़ी और आसपास के इलाकों में पांच हाइप्रोफाइल हत्याओं को इस गैंग ने अंजाम दिया था। बिहार पुलिस की तरफ से रंजन पाठक पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा गया है।

# स्विट्ज़रलैंड की पहाड़ियों में महिलाओं की अनोखी 'काउ ग्रांड प्रिक्स' रेस



**फ्लम्सरबर्ग, स्विट्ज़रलैंड :** जब रेसिंग की बात होती है, तो आमतौर पर कार या बाइक का ख्याल आता है, लेकिन स्विट्ज़रलैंड की हरियाली से भरी पहाड़ियों में एक ऐसा आयोजन होता है, जहां रफ्तार और रोमांच का वाहक इंजन नहीं, बल्कि गाय होती है।

फ्लम्सरबर्ग के रिसॉर्ट क्षेत्र में हर साल आयोजित होने वाली 'काउ ग्रांड प्रिक्स' रेस (Cow Grand Prix) में महिलाएं गायों की पीठ पर सवार होकर दौड़ लगाती हैं। यह प्रतियोगिता 2006 से आयोजित हो रही है और इसमें केवल महिलाओं को ही भाग लेने की अनुमति है।

पारंपरिक ट्रैक और तैयारी

रेस के लिए कोई हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं होता। शुरुआत की रेखा घास के गठरियों से बनाई जाती है। इस साल नौ प्रतिभागी महिलाओं ने अपनी-अपनी गायों के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। रेस से पहले गायों को विशेष रूप से तैयार किया जाता है, सजाया जाता है और अच्छे से खिलाया जाता है। कुछ प्रतिभागी अपनी गायों से बातें भी करती हैं जैसे वे कोई पेशेवर एथलीट हों।

लोक संस्कृति और मनोरंजन का उत्सव

यह रेस केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति, परंपरा और हास्य का उत्सव भी है। दर्शकों के लिए यह हंसने-हंसाने वाला और रोमांचक अनुभव होता है। महिलाएं पारंपरिक पोशाक पहनकर दौड़ में हिस्सा लेती हैं और अपनी गायों को रंग-बिरंगे रिबन या फूलों से सजाती हैं।

महिलाओं के लिए विशेष आयोजन


रेस की सबसे खास बात यह है कि यह पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित है। आयोजनकर्ताओं के अनुसार यह ग्रामीण जीवन, महिला सशक्तिकरण और लोक संस्कृति को जोड़ने का अनोखा तरीका है। यह न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि एक सामुदायिक मिलन का अवसर भी है।

सिर्फ जीत नहीं, दिल जीतना भी ज़रूरी

विजेता को ताज पहनाया जाता है और स्थानीय स्तर पर सम्मान मिलता है, लेकिन प्रतिभागियों के अनुसार रेस का मुख्य उद्देश्य गाय के साथ संबंध, मस्ती और परंपरा को मनाना है, न कि केवल ट्रॉफी जीतना।

कुल मिलाकर, 'काउ ग्रांड प्रिक्स' एक ऐसी रेस है जहां दिल भी दौड़ते हैं और गायें भी।

# अमेरिका ने पूर्वी प्रशांत महासागर में तीन नार्को आतंकी मार गिराए



**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका ने पूर्वी प्रशांत महासागर में संदिग्ध ड्रग तस्करों के खिलाफ अपना अभियान और तेज कर दिया है। बुधवार को लगातार दूसरे दिन अमेरिकी बलों ने एक जहाज पर घातक हमला कर उस पर मौजूद तीन नार्को आतंकियों को मार गिराया। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि इस अभियान में कोई ढील नहीं दी जाएगी और ड्रग तस्करों को हर हाल में निशाना बनाया जाएगा।

**रक्षा सचिव की जानकारी**

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए गए इस हमले के दौरान जहाज पर तीन पुरुष नार्को आतंकवादी सवार थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका में ड्रग्स पहुंचाने वालों को खोज-खोजकर मार गिराया जाएगा। मंगलवार देररात हुए पहले हमले में दो तस्कर मारे गए थे। इस प्रकार, दो दिन में दो हमलों में पांच ड्रग तस्करों को मार गिराया गया।

**अभियान का विस्तार**

हेगसेथ के अनुसार, यह अभियान सितंबर में शुरू किया गया था और अब कैरेबियन सागर से आगे बढ़कर पूर्वी प्रशांत क्षेत्र तक पहुंच गया है। अभियान के दौरान अमेरिकी विशेष अभियान बलों ने नौ घटनाओं में कुल 37 ड्रग तस्करों को मार गिराया है। पहला हमला कोलंबिया के तट के पास हुआ था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि ये लोग हिंसक हैं और उनके पास पानी में 45 से 50 मील प्रति घंटे की गति वाली नावें हैं। ट्रंप ने संकेत दिया कि जल्द ही जमीनी ठिकानों पर भी हमले किए जा सकते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाएं**

इस अभियान को लेकर दक्षिण अमेरिकी देशों में चिंता बढ़ी है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर अमेरिका में 2020 में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप हैं। वहीं, कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा कि अमेरिकी हमलों में कई कोलंबियाई नागरिक भी मारे गए हैं। दक्षिण अमेरिका में कोकीन की अधिकांश आपूर्ति कोलंबिया, वेनेजुएला और पेरू से होती है, और इन देशों की कैरेबियन व प्रशांत तटरेखाओं के कारण तस्करी की संभावना अधिक है।

**बांग्लादेश में छात्र विद्रोह के दौरान हुए मानवता के विरुद्ध अपराध मामले में फैसला 13 नवंबर को**

# अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल सहित तीन लोग हैं आरोपित




**ढाका,** (हि.स.)। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 ने पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए छात्र विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराधों से जुड़े मामले में 13 नवंबर को फैसला सुनाने की घोषणा की है। इस मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल सहित तीन लोग आरोपित हैं।

**गवाहों के बयान पर विवाद**

बचाव पक्ष ने पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून, दैनिक अमर देश के संपादक महमूदुर रहमान और राष्ट्रीय नागरिक पार्टी के संयोजक नाहिद इस्लाम जैसे गवाहों के बयान खारिज कर दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि गवाह मामून दूसरों को फंसाकर खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके जवाब में गवाह मामून के वकील जायद बिन अमजद ने अपनी दलील पेश की।

**अभियोग पत्र का विवरण**

**पूर्व पुलिस महानिरीक्षक** चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून ने 10 जुलाई को आंदोलन के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध की जिम्मेदारी स्वीकार कर सरकारी गवाह बने। न्यायाधिकरण की पीठ ने आरोपितों के खिलाफ पांच आरोप तय किए और बरी करने की याचिकाएं खारिज कर दी। औपचारिक अभियोग पत्र 8,747 पृष्ठों का है, जिसमें संदर्भ, साक्ष्य और पीड़ितों की सूची शामिल है।

**अंतिम दलीलें पेश**

न्यायाधिकरण में आज मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम और अटॉर्नी जनरल मोहम्मद असदुज्जमां ने अंतिम दलीलें पेश कीं। अभियुक्तों का प्रतिनिधित्व वकील मोहम्मद अमीर हुसैन ने किया। मुख्य अभियोजक ने सभी आरोपितों को अधिकतम सजा देने की मांग की, जबकि बचाव पक्ष ने अपने मुवक्किलों को निर्दोष बताते हुए बरी करने का अनुरोध किया।

# पाकिस्तान के बलोचिस्तान में निर्माण कंपनी के नौ अधिकारियों का अपहरण



**क्वेटा (बलोचिस्तान),** (हि.स.)। पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलोचिस्तान में एक निर्माण कंपनी के नौ अधिकारियों का अपहरण कर लिया गया। इस घटना से इस्लामाबाद तक हड़कंप मचा हुआ है। सेना ने सारे इलाके को घेरकर अगवा किए अधिकारियों की तलाश शुरू की है। फिलहाल इन अधिकारियों का कोई पता नहीं चल पाया है।

द बलोचिस्तान पोस्ट (पश्तो भाषा) की रिपोर्ट के अनुसार, यह वारदात बुधवार को मस्तुंग जिले में हुई है। हथियारबंद लोग निर्माण कंपनी के नौ अधिकारियों को जबरन अपने साथ ले गए। इस घटना के बाद कुछ हथियारबंद लोगों ने कलात के मंगचर इलाके में क्वेटा-कराची मुख्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर वाहनों की तलाशी ली।


सूत्रों के अनुसार, नाकाबंदी एक घंटे से अधिक समय तक जारी रही। इस दौरान गोलीबारी और विस्फोट की आवाज भी सुनी गई। बताया गया है कि अपहरण की घटना के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया है।

मस्तुंग पुलिस के अनुसार, अपहृत व्यक्ति पंजाब और सिंध प्रांत के हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह लोग एक सरकारी परियोजना स्थल पर काम कर रहे थे। वहां अचानक हथियारबंद लोग आ धमके। परियोजना स्थल को घेर लिया। इसके बाद अधिकारियों को अज्ञात स्थान पर ले गए।

अधिकारियों ने अभी तक अपहरणकर्ताओं के बारे में कोई विवरण नहीं दिया है।

# उत्तर कोरिया ने एपेक शिखर सम्मेलन से पहले हाइपरसोनिक प्रक्षेपास्त्र के परीक्षण का दावा किया

**प्योंगयांग,** (हि.स.) – उत्तर कोरिया ने बुधवार को अपने दो हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। प्रक्षेपास्त्र राजधानी प्योंगयांग से उत्तर-पूर्व की ओर छोड़े गए और उत्तरी हैमग्योंग प्रांत के ओरंग में स्थित लक्षित केंद्र को भेदने में सफल रहे। मिसाइलों की उड़ान दूरी लगभग 400 किलोमीटर रही। यह परीक्षण दक्षिण कोरिया में 31 अक्टूबर से होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन से ठीक पहले हुआ है।



**नई मिसाइल और संभावित मॉडल :** कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि परीक्षण को जनरल ब्यूरो ने नियंत्रित किया, जबकि सर्वोच्च नेता किम जोंग-उन इसमें शामिल नहीं हुए। रक्षा विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह 'ह्वासोंग-11मा' मॉडल की नई मिसाइल हो सकती है। इस मिसाइल को हाल ही में वर्कर्स पार्टी की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सैन्य परेड में प्रदर्शित किया गया था। 'ह्वासोंग-11' श्रृंखला रूस की इस्कंदर मिसाइल के उत्तर कोरियाई संस्करण केएन-23 से मिलती-जुलती है।

**शिखर सम्मेलन से पहले रणनीतिक संकेत :** सियोल स्थित उत्तर कोरियाई अध्ययन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर यांग मू-जिन के अनुसार, इस परीक्षण का समय जानबूझकर शिखर सम्मेलन से ठीक पहले चुना गया। इसका उद्देश्य दक्षिण कोरिया और अमेरिका पर सीधे दबाव बनाए बिना ध्यान आकर्षित करना और सम्मेलन में उत्तर कोरिया की उपस्थिति का अहसास कराना हो सकता है। सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची समेत कई वैश्विक नेता भाग लेने वाले हैं।

## बुलेटिन बॉक्स

» अमेरिका ने रूस की प्रमुख तेल कंपनियों पर नई आर्थिक प्रतिबंध लगाए।

» मलेशिया के प्रधानमंत्री ने भारत को व्यापार और निवेश में अहम साझेदार बताया।

» बांग्लादेश का अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण छात्र विद्रोह से जुड़े मामलों में 13 नवंबर को फैसला सुनाएगा।

» स्विट्ज़रलैंड में महिलाओं की अनोखी 'काउ ग्रांड प्रिक्स' रेस का आयोजन हुआ।

# अमेरिका ने रूस की बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए



**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका ने रूस की प्रमुख तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। यह घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की। उन्होंने बताया कि यह उनका दूसरा कार्यकाल होने के बावजूद रूस पर पहला महत्वपूर्ण प्रतिबंध है। यह कदम बुडापेस्ट में दोनों नेताओं की शिखर बैठक रद्द होने के बाद उठाया गया।

**यूक्रेन युद्ध और ऊर्जा क्षेत्र पर प्रभाव :** द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद यह अमेरिका का ऊर्जा क्षेत्र के खिलाफ सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। अमेरिकी वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि अब समय है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम लागू हो। उन्होंने तेल कंपनियों को "क्रेमलिन की युद्ध मशीन" का मुख्य इंजन बताया।

**अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया और द्वितीयक प्रतिबंध :** अटलांटिक काउंसिल के फेलो डैनियल टैनबाम ने कहा कि ये कदम महत्वपूर्ण हैं, लेकिन तीसरे देशों पर या तो द्वितीयक प्रतिबंध लगाए जाने की जरूरत है या सख्त चेतावनी दी जानी चाहिए। पांच दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ट्रंप से मुलाकात की थी, जिसमें रूस को जमीन देने और युद्धविराम लागू करने के लिए दबाव की कोशिश की गई थी।

**ट्रंप की रूसी नीति और शिखर सम्मेलन :** ट्रंप ने कहा कि उनके और पुतिन के बीच बातचीत अक्सर अच्छी होती है, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाती। उन्होंने बुडापेस्ट शिखर सम्मेलन रद्द करने का निर्णय भी यही कहकर लिया कि आवश्यक मुकाम तक नहीं पहुँचा जा सकता। ट्रंप ने रूस पर प्रतिबंध लगाने को सही समय बताते हुए कहा कि इससे रूस के तेल राजस्व में भारी गिरावट आ सकती है।

**01:** यह ट्रंप का दूसरा कार्यकाल होने के बावजूद रूस पर पहला बड़ा प्रतिबंध है।

**02:** प्रतिबंध बुडापेस्ट शिखर सम्मेलन रद्द होने के बाद घोषित किए गए।

**03 :** अमेरिकी वित्तमंत्री ने कहा, युद्धविराम के लिए अब समय आ गया है।

**04 :** ट्रंप के कदम से रूस के तेल राजस्व में भारी गिरावट आ सकती है।

**05 :** अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने द्वितीयक प्रतिबंधों और कड़ी चेतावनी की आवश्यकता जताई।

# 'भारत व्यापार और निवेश में मलेशिया का अहम साझेदार'-इब्राहिम,




**कुआलालंपुर,** (हि.स.)। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि भारत व्यापार और निवेश में मलेशिया का अहम साझेदार है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं और द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक एवं व्यापक स्तर पर मजबूत करने पर चर्चा की। अनवर ने प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा में सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने 47वें आसियान शिखर सम्मेलन में भारत की ऑनलाइन भागीदारी का स्वागत किया और आसियान-भारत सहयोग को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।



# दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया, श्रृंखला 1-1 से की बराबर

**रावलपिंडी,** (हि.स.)। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को रावलपिंडी टेस्ट में आठ विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। स्पिन जोड़ी केशव महाराज और साइमन हार्मर ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए मेज़बानों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। महाराज ने मैच में कुल 9 विकेट (9/136) जबकि हार्मर ने 8 विकेट (8/125) हासिल किए।छोटे लक्ष्य 68 रन का पीछा करते हुए एडन मार्करम और रयान रिकेलटन ने आसान जीत दिलाई। पाकिस्तान ने पहली पारी में 333 रन बनाए थे, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 404 रन बनाए थे और 71 रनों की बढ़त हासिल की थी।

चौथे दिन पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फिरा

चौथे दिन की शुरुआत में पाकिस्तान का स्कोर 94/4 था और कप्तान बाबर आज़म 49 रन बनाकर क्रीज़ पर डटे हुए थे। उन्होंने पचासा पूरा किया, लेकिन कुछ ही गेंद बाद साइमन हार्मर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर मेज़बानों को बड़ा झटका दिया।इसके बाद पाकिस्तान की पारी बिखरती चली गई। मोहम्मद रिज़वान का कैच शॉर्ट लेग पर लपका गया और इसी के साथ हार्मर ने अपनी पारी की पांचवीं सफलता हासिल की। कुछ देर बाद नोमान अली भी विकेटकीपर को कैच थमा बैठे, जिससे हार्मर ने अपने फ़र्स्ट-क्लास करियर का 1000वां विकेट झटका। शाहीन अफरीदी रन आउट होकर लगातार तीसरी बार शून्य (डक) पर आउट हुए।सलमान अली आगा ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से दो चौके जरूर लगाए, लेकिन वह भी केशव महाराज की गेंद पर बोल्ड हो गए। महाराज ने इसके बाद साजिद खान को स्टंप कराकर पाकिस्तान की पारी 138 रन पर समेट दी।

**मार्करम-रिकेलटन ने दिलाई आसान जीत** : लक्ष्य का पीछा करते हुए एडन मार्करम ने शानदार बैटिंग की और स्पिन तिकड़ी – नोमान अली, साजिद खान और आसिफ अफरीदी – को चारों ओर बाउंड्री लगाईं। मार्करम 42 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू आउट हुए, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स स्लिप में कैच दे बैठे। अंत में रयान रिकेलटन (25)* ने सीधे छक्के से मैच समाप्त किया और दक्षिण अफ्रीका को यादगार जीत दिलाई।

**संक्षिप्त स्कोर:**
पाकिस्तानः 333 और 138 (बाबर आज़म 50, सलमान आगा 28; साइमन हार्मर 6/50, केशव महाराज 2/34)
दक्षिण अफ्रीकाः 404 और 73/2 (एडन मार्करम 42, रयान रिकेलटन 25*; नोमान अली 2/40)
परिणामः दक्षिण अफ्रीका 8 विकेट से विजेता

# ब्रिसन फर्नांडिस बने एएफसी चैंपियंस लीग टू में गोल करने वाले पहले भारतीय, एफसी गोवा को अल-नास्त्र ने 1-2 से हराया



**फातोर्दा (गोवा),** (हि.स.) एएफसी चैंपियंस लीग टू में बुधवार को ब्रिसन फर्नांडिस ने गोल करके इतिहास रच दिया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में गोल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। लेकिन उनके इस व्यक्तिगत सफलता के बावजूद एफसी गोवा को अपने घरेलू मैदान पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में सऊदी क्लब अल-नास्त्र के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

मैच की शुरुआत में ही अल-नास्त्र ने अपनी ताकत दिखाई। पहले 30 मिनट में एंजेलो गेब्रियल और हारूने के गोल से सऊदी टीम ने 2-0 की बढ़त बना ली। इस बढ़त ने उनकी टीम को आत्मविश्वास दिया और शुरुआती दबाव को अपने पक्ष में किया। 41वें मिनट में ब्रिसन फर्नांडिस ने शानदार मूव बनाकर गोल किया, जिससे गोवा मुकाबले में वापसी की दिशा में बढ़ा। दूसरे हाफ में गोवा ने जुझारूपन दिखाया, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। टीम ने काउंटर-अटैक पर खेलते हुए मौके बनाने की कोशिश की, लेकिन गेंद पर नियंत्रण मिलने के बावजूद अवसरों का सही उपयोग नहीं कर पाई। ब्रिसन के अलावा कोई खिलाड़ी निर्णायक प्रभाव नहीं डाल पाया। मुहम्मद नेमिल और बोरजा हरेरा भी विपक्षी डिफेंस को चुनौती देने में असफल रहे। एफसी गोवा के विदेशी खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। जेवियर सिवेरियो चोटिल होकर 24वें मिनट में बाहर हुए। डेजन द्राज़िक ने ब्रिसन को असिस्ट दी, लेकिन खुद कोई बड़ा योगदान नहीं दे पाए। डेविड टिमोर और पोल मोरेनो मिडफील्ड और डिफेंस में संघर्ष करते नजर आए। बोरजा हरेरा ने कुछ अच्छे कॉर्नर किक दी, लेकिन रक्षात्मक जिम्मेदारियों में चूक हुई।

अल-नास्त्र की टीम ने शुरुआती बढ़त के बाद नियंत्रण बनाए रखा और अंततः तीन अंक अपने नाम किए। प्रशंसक क्रिस्टियानो रोनाल्डो को देखने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन खराब पिच की स्थिति को देखते हुए उन्हें आराम दिया गया।

# अभिनव बिंद्रा को 2026 शीतकालीन ओलंपिक का मशालवाहक चुना गया



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को अगले वर्ष होने वाले शीतकालीन ओलंपिक 2026 के लिए मशालवाहक (Torch-bearer) के रूप में चुना गया है।

यह खेल आयोजन 6 से 22 फरवरी, 2026 तक मिलान और कोर्टिना डी'अमपेत्जो (इटली) में आयोजित किया जाएगा।

अभिनव बिंद्रा ने इस अवसर पर अपनी खुशी सोशल मीडिया पर व्यक्त करते हुए लिखा, "मिलानो कोर्टिना 2026 ओलंपिक टॉर्च रिले के लिए मशालवाहक के रूप में चुना जाना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है। ओलंपिक मशाल हमेशा मेरे दिल के करीब रही है — यह सपनों, दृढ़ता और खेलों के जरिए विश्व एकता का प्रतीक है। इसे फिर से लेकर चलना मेरे लिए सम्मान और प्रेरणा दोनों है। इस अद्भुत सम्मान के लिए मिलानो कोर्टिना 2026 का धन्यवाद।"

बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था।

यह चौथा अवसर होगा जब इटली शीतकालीन ओलंपिक की मेज़बानी करेगा। इस बार के संस्करण में 16 विधाओं में कुल 116 पदक स्पर्धाएं होंगी, जो बीजिंग 2022 की तुलना में 7 इवेंट और 1 नई विधा अधिक हैं।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स ने मोंडो डुप्लांटिस, ट्रोसचियांका, यान और झांग के विश्व रिकॉर्ड को दी मान्यता

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस द्वारा पोल वॉल्ट में बनाए गए नवीनतम विश्व रिकॉर्ड और तीन अंडर-20 रिकॉर्ड्स को आधिकारिक मान्यता दे दी है। टोक्यो में हुए 2025 विश्व चैंपियनशिप में डुप्लांटिस ने 6.30 मीटर की छलांग लगाकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। यह उनका 14वां विश्व रिकॉर्ड और लगातार तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है।

इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि सात खिलाड़ियों ने पहली बार 5.90 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पार की। चीन की झांग जियाले



और यान ज़ियी ने क्रमशः महिला अंडर-20 हैमर थ्रो और भाला फेंक में नए विश्व रिकॉर्ड बनाए। पोलैंड के ह्यूबर्ट ट्रोसचियांका ने यूरोपीय अंडर-20 चैंपियनशिप में डेकैथलन में 8514 अंक बनाकर रिकॉर्ड तोड़ा, जो अंडर-20 एथलीट द्वारा 8500 अंक पार करने का पहला मौका था।

डुप्लांटिस ने कहा, "इस शानदार भीड़ के सामने विश्व रिकॉर्ड बनाना अविश्वसनीय है। मैं बेहद खुश हूं।" इस तरह 2025 का साल एथलेटिक्स इतिहास में यादगार बन गया।

# पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच बने सैराज बहुतुले

**चंडीगढ़,** (हि.स.)। पंजाब किंग्स (PBKS) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर और अनुभवी कोच सैराज बहुतुले को आगामी आईपीएल सीज़न के लिए टीम का नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। बहुतुले ने इस भूमिका में सुनील जोशी का स्थान लिया है, जो 2023 से 2025 तक टीम के स्पिन कोच रहे। बहुतुले घरेलू क्रिकेट में दिग्गज रहे हैं और उन्हें कोचिंग के क्षेत्र में भी उच्च सम्मान प्राप्त है। उन्होंने केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी टीमों के साथ कोचिंग की है, साथ ही राजस्थान रॉयल्स के साथ भी काम किया है। उनका फोकस युवा प्रतिभाओं के विकास और गेंदबाज़ी रणनीतियों



को बेहतर बनाने पर रहा है। पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने बहुतुले का स्वागत करते हुए कहा, "सुनिल जोशी को उनके समर्पण और योगदान के लिए धन्यवाद। सैराज का गहरा खेल ज्ञान और रणनीतिक अनुभव हमारी टीम के लिए अमूल्य होगा। उनकी विशेषज्ञता हमें आगामी सीज़न के लिए मजबूत और एकजुट गेंदबाज़ी इकाई बनाने में मदद करेगी।" बहुतुले ने भी जुड़ने पर उत्साह व्यक्त किया और कहा, "मैं पंजाब किंग्स में स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में शामिल होकर बेहद उत्साहित हूं। टीम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, और मैं उनके कौशल को निखारने और नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए तत्पर हूं।"इस नियुक्ति को आगामी खिलाड़ी नीलामी और सीज़न से पहले टीम के कोर यूनिट को रणनीतिक विशेषज्ञता से सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# फीफा टूर्नामेंट यूएई से मोरक्को स्थानांतरित

**मोरक्को**, (हि.स.)। विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा द्वारा आयोजित एक टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से मोरक्को स्थानांतरित कर दिया गया है। फीफा ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह चार टीमों का मैत्री टूर्नामेंट रविवार से मोरक्को में शुरू होगा।"फीफा यूनाइट्सः विमेंस सीरीज़" नामक यह प्रतियोगिता मूल रूप से 23 से 29 अक्टूबर तक दुबई में आयोजित की जानी थी। इसमें यूएई, चाड, लीबिया और अफगानिस्तान की महिला शरणार्थी टीम भाग ले रही हैं।

अफगानिस्तान महिला शरणार्थी टीम का गठन 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद महिलाओं के खेल पर लगाए गए प्रतिबंध के कारण हुआ था। उस समय कई खिलाड़ियों को उत्पीड़न के डर से देश छोड़ना पड़ा था।

फीफा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "फीफा रॉयल मोरक्कन फुटबॉल फेडरेशन का धन्यवाद करता है और सफल टूर्नामेंट के आयोजन की उम्मीद रखता है।"

संगठन ने यह पुष्टि की कि अफगान महिला शरणार्थी टीम ने परामर्श के बाद अपना आधिकारिक नाम 'अफगान वुमन यूनाइटेड' रखा है।

तालिबान शासन से पहले अफगानिस्तान की महिला टीम में 25 अनुबंधित खिलाड़ी थीं, जिनमें से अधिकांश अब ऑस्ट्रेलिया में बस चुकी हैं। वहीं, अफगानिस्तान की पुरुष फुटबॉल टीम सामान्य रूप से खेलना जारी रखे हुए है।